

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

पैपराजी से छिपकर थेरेपी सेशन जाती थीं दीपिका


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का

लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 43 ■ अंक : 2 ■ सोमवार, 3 मार्च 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play

GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel | Subscribe

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


# ड्रग्स तस्करों के मददगार पुलिस अधिकारी होंगे बर्खास्त : मुख्यमंत्री

■ मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दिए कड़ी कार्रवाई के संकेत

▶▶ उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे.** पुलिस अधिकारी या कर्मचारी ड्रग्स का व्यापार करने वाले लोगों का सहयोग करने पर तत्काल कार्रवाई किया जायेगा यह बात मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा। शहर में रेमंड कंपनी के गेस्ट हाउस में स्थित कमन्युस्ट हाल में राज्य में चल रहे अपराध और कानून व्यवस्था पर चर्चा के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ में बैठक हुआ। यह बैठक मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के अध्यक्षता में आयोजित किया गया था। इस बात पर चर्चा हुई कि इन अपराधों को कैसे रोका जाए और कैसे पता लगाया जाए और इस अपराध में आरोप पत्र में तेजी कैसे लाई जाए। इसके साथ ही ड्रग्स को लेकर कार्रवाई कैसे हो रही है और भविष्य में कैसे की जानी चाहिए, इस पर भी चर्चा हुई।

इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि आदेश दिए गए हैं कि



ड्रग्स से जुड़े किसी भी रैकेट के किसी भी पुलिस अधिकारी को निलंबित नहीं किया जाएगा बल्कि बर्खास्त किया जाएगा। महिला उत्पीड़न के मामले में समय पर आरोप पत्र दाखिल करने का प्रयास किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जब्त की गई संपत्ति को वापस करने का प्रावधान किया जाना चाहिए ताकि छह महीने में संपत्ति वापस करने पर मामला समाप्त हो जाय।इस कार्यक्रम में गृह राज्य मंत्री (शहरी) योगेश कदम, गृह राज्य मंत्री (ग्रामीण) डॉ. पंकज भोईर, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव इकबाल सिंह चहल, पुलिस महानिदेशक रश्मी शुक्ला, मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फणसलकर, ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।संतोष देशमुख हत्या मामले में अदालत में मामले की तेजी से सुनवाई होनी चाहिए और सरकारी वकील के रूप में उज्ज्वल निकम की नियुक्ति के कारण मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने विश्वास व्यक्त किया कि आरोपियों को कड़ी सजा दी जाएगी। साथ ही कहा कि सही समय पर पूरे सबूतों के साथ आरोप पत्र भी दाखिल किया गया है।

# गट शिक्षणाधिकारी का आखिर हुआ तबादला

■ बदलापुर अवैध स्कूल में छात्रा के विनयभंग का मामला



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के गट शिक्षण अधिकारी आर. डी. जतकर को पद से हटा दिया गया है. गत दिनों अंबरनाथ तालुका के एक स्कूल में जो कि अवैध रूप से चलाई जा रही थी, उस स्कूल के शिक्षक द्वारा ही एक छात्रा का विनयभंग किए जाने के बाद जतकर विवादों में आ गए थे. उनके स्थान पर ठाणे जिला परिषद के प्राथमिक शिक्षण विभाग के उपशिक्षणाधिकारी कुंदा पंडित को गट शिक्षणाधिकारी का कारोबार सौंपा गया है.

ठाणे जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे ने 27 फरवरी को ऐसा आदेश जारी किया है.

विदित हो कि कुछ दिनों पूर्व बदलापुर के एक स्कूल में शिक्षक द्वारा ही एक छात्रा का विनयभंग करने का मामला सामने आया था. उसके बाद राज्य बाल हक्क संरक्षण आयोग के सदस्य ने स्कूल में भेंट देकर मामले की जांच की थी. जांच में ये बात सामने आई कि इस स्कूल को प्रथम कक्षा तक की इजाजत दी गई थी, लेकिन इस स्कूल में दसवीं तक छात्रों को शिक्षण दिया जा रहा था. गत कई वर्षों से ये अवैध स्कूल जतकर की छत्रछाया में चलाई जा रही थी. गट शिक्षणाधिकारी जतकर की कार्यपद्धति पर आश्चर्य व्यक्त किया जा रहा था.

राष्ट्रवादी कांग्रेस शरद पवार गट के प्रदेश महासचिव अविनाश देशमुख ने गटशिक्षण अधिकारी की कुर्सी पर हार पहना कर अनोखा आंदोलन किया था और गट शिक्षणाधिकारी जतकर को निलंबति करने की मांग की थी. उनको अब पद से हटाए जाने के बाद देशमुख ने कहा कि उन्हें निलंबित किया जाए नहीं तो वह आंदोलन छेड़ देंगे.

# भ्रूण हत्या मामले में डॉक्टर गिरफ्तार

**उल्हासनगर.** एक नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार के बाद उसका गर्भपात करा दिया गया। अब खुलासा हुआ है कि इस मामले में आरोपी और उसके परिवार के साथ एक डॉक्टर भी शामिल है। जो गर्भपात के लिए दवाइयां उपलब्ध कराने वाले बीएमएस डॉ. सुशील कुमार सिंह को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चौंकाने वाली बात यह है कि डॉक्टर ने बिना किसी रिकॉर्ड के गर्भपात की दवा उपलब्ध करा दी।

17 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार और गर्भवती होने के बाद आरोपी सागर धामढेरे और उसके परिवार ने बदनामी के डर से मामले को दबाने की कोशिश की। आरोपी की पत्नी, मां और सास ने उसे गर्भपात के लिए मजबूर किया और अवैध रूप से उसे दवा दी; हालाँकि, जब वह सात महीने की गर्भवती थी, तब दवाओं का उसके शरीर पर गंभीर प्रभाव पड़ने लगा। अंततः उसकी हालत बिगड़ गई और उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इस मामले में पुलिस ने आरोपी सागर ढमढेरे को गिरफ्तार किया था।

प्रारंभिक पुलिस पूछताछ में डॉ. सुशील कुमार सिंह की भूमिका संदिग्ध पाई गई और उनसे गहन पूछताछ की गई। जांच में पता चला कि डॉक्टर ने बिना किसी मेडिकल प्रोटोकॉल का पालन किए गर्भपात



**पीड़ित को न्याय मिलेगा**

आरोपी सागर धामढेरे, डॉ. सुशील कुमार सिंह और अन्य संदिग्धों के खिलाफ गहन जांच चल रही है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं कि पीड़ित को उचित न्याय मिले।

**- शंकर अवताडे**
(वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक)

की दवाइयां उपलब्ध कराई थीं। इसी कारण इस युवती को भारी शारीरिक कष्ट का सामना करना पड़ा। इसलिए पुलिस डॉक्टर के पिछले रिकॉर्ड की जांच कर रही है। गर्भपात के बाद आरोपी ने भ्रूण को कब्रिस्तान में दफनाकर सबूत नष्ट करने की कोशिश की; हालांकि, अस्पताल के डॉक्टरों को यह मामला संदिग्ध लगा और उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। अंततः पुलिस ने तहसीलदार की मौजूदगी में मृत भ्रूण को बाहर निकाला और डीएनए जांच के लिए भेज दिया।

# अभय योजना के प्रथम चरण में मनपा रिकॉर्ड वसूली की ओर

■ 6 दिन में 12 करोड़ की वसूली

**उल्हासनगर.** मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने उल्हासनगर निवासियों के लिए संपत्ति कर का भुगतान करने के लिए तीन चरणीय योजना लागू की है। इन तीन चरणों को 24 फरवरी से 18 मार्च के बीच विभाजित किया गया है। हालांकि, 100 प्रतिशत ब्याज और जुर्माना माफी के पहले चरण के केवल 6 दिनों में 12 करोड़ रुपये एकत्र होने के साथ, आंकड़े सामने आने लगे हैं कि मनपा रिकॉर्ड तोड़ने वाली है।

संपत्ति कर संग्रह का पिछले साल का पुराना रिकॉर्ड करीब 112 करोड़ रुपये था। चालू वर्ष 2024-25 में 23 फरवरी तक 74 करोड़ रुपये एकत्र हो चुके थे। ऐसे कठिन



समय में आयुक्त मनीषा आव्हाले ने तीन चरणीय वसूली योजना लागू की है। पहले चरण में 24 फरवरी से 6 मार्च तक 11 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने पर 100 प्रतिशत जुर्माना और ब्याज माफ कर दिया जाएगा। दूसरे चरण में 7 से 12 मार्च तक 75 प्रतिशत जुर्माना और ब्याज माफ कर दिया जाएगा तथा तीसरे और अंतिम चरण में 13 से 18 मार्च तक 50 प्रतिशत जुर्माना और ब्याज माफ कर दिया जाएगा।

अभय योजना के 100 प्रतिशत ब्याज और जुर्माना माफी का पहला चरण 11 मार्च तक है। इस अवसर का लाभ उठाने के लिए, आयुक्त मनीषा आव्हाले के आदेश पर, अतिरिक्त आयुक्त किशोर गवस, उपायुक्त विशाखा मोटघरे, सहायक आयुक्त अजय साबले और कर निर्धारणकर्ता और कलेक्टर नीलम कदम की बैठक के बाद वसूली को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीति तैयार की गई थी। इसका सकारात्मक प्रभाव हुआ है और 24 फरवरी से 1 मार्च तक छह दिनों में पहले चरण में 12 करोड़ रुपये की वसूली की गई है। पहले चरण में अभी भी पांच दिन बाकी हैं और 23 फरवरी तक 74 करोड़





रुपये और 6 दिनों में 12 करोड़ रुपये कुल 87 करोड़ रुपये की वसूली की गई है।

**5 और 6 मार्च को भारी रिकवरी की संभावना**

100 प्रतिशत ब्याज और जुर्माना माफी योजना के लिए पांच दिन बचे हैं। चूंकि 5 और 6 मार्च को वसूली स्वतःस्फूर्त होगी, इसलिए यह महत्वपूर्ण मोड़ होगा। 1 मार्च तक प्राप्त प्रभावशाली वसूली के आंकड़ों को देखते हुए, संपत्ति कर निर्धारक और कलेक्टर नीलम कदम ने विश्वास व्यक्त किया है कि संपत्ति कर विभाग 6 मार्च तक 112 करोड़ रुपये के पुराने रिकॉर्ड को तोड़ने की राह पर होगा।

# बदलापुर में बाजारपेठ, पनवेल रोड से नपा ने अतिक्रमण हटाया

**बदलापुर.** बदलापुर की प्रमुख व्यस्त सड़कों को शाम के बाद साफ करने की कार्रवाई की गई। इस अचानक कार्रवाई से व्यस्त सड़कें खाली हो गईं। इस दौरान कई दुकानें, फुटपाथ दुकानें और ठेले हटा दिए गए। इस कार्रवाई का नागरिकों द्वारा स्वागत किया जा रहा है।

कुलगांव बदलापुर नगर पालिका प्रशासन ने फरवरी के पहले सप्ताह में करीब चार दिनों तक शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। मुख्य अधिकारी मारुति गायकवाड़ द्वारा की गई इस साहसिक कार्रवाई की शहर में सराहना की गई।

इस चार दिवसीय अभियान के दौरान शहर के महत्वपूर्ण यातायात क्षेत्रों, चौराहों, आंतरिक सड़कों और फुटपाथों को साफ किया गया। तो फुटपाथों ने राहत की सांस ली। हालाँकि, कार्रवाई दिन के समय की गई थी और वास्तविक भीड़ और भीड़ शाम को हुई थी, इसलिए कार्रवाई की मांग तब भी मजबूत थी। मुख्य अधिकारी मारुति गायकवाड़ ने घोषणा की थी कि शाम के बाद भी कार्रवाई की जाएगी। तदनुसार, सोमवार शाम को शहर के पश्चिमी भाग में बाजारपेठ और खाऊ गली क्षेत्रों में कार्रवाई की गई। इस अवसर पर मुख्य अधिकारी गायकवाड़ स्वयं उपस्थित थे। इस दौरान कई दुकानों, ठेलों और खोमचों पर कार्रवाई की गई। मारुति गायकवाड़ ने बताया कि पूर्व में प्रस्तावित पनवेल मार्ग पर भी कार्रवाई की गई है।

शाम को की गई इस कार्रवाई से अचानक फेरीवालों की भीड़ तितर-बितर हो गई। कई लोगों ने अपनी सामग्री हटा दी। इस कार्रवाई के कारण शाम के बाद बाजार क्षेत्र मुक्त नजर आया। गायकवाड़ ने बताया कि यह कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी।

# अंबरनाथ के नाट्यगृह को लोकशाहीर अन्नाभाऊ साठे देने की मांग

■ संघर्ष समिति ने मुख्याधिकारी को दिया निवेदन

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम सर्कस मैदान में नगर परिषद द्वारा बनाए गए नाट्यगृह को लोकशाहिर अन्नाभाऊ साठे का नाम दिए जाने के लिए शहर के कई धार्मिक, सामाजिक संघटनों ने अब मिल कर आवाज उठाना शुरू कर दिया है. इसके लिए दर्जनों संस्थाओं के पदाधिकारियों ने एक साथ मिलकर मुख्याधिकारी अभिषेक पराडकर से भेंट कर के एक निवेदन दिया है. साहित्य रत्न लोकशाहिर अन्ना भाऊ साटे नाट्यगृह नामकरण संघर्ष समिति के 50 से ज्यादा कला क्षेत्र के धार्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत एवं पत्रकारों ने उक्त मांग की है.



संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुनिल अहिरे ने बताया कि जहां पर नपा के नाट्यगृह का निर्माण किया है, वहां पर उस जगह पर अन्ना भाऊ साठे आ चुके हैं. उनके पदस्पर्श यहां पर लग चुके हैं. इसलिए नाट्यगृह को लोकशाहीर अन्नाभाऊ साटे का नाम देने की मांग संघर्ष समिति ने किया है. मुख्याधिकारी ने समिति के लोगों से कहा है कि वह इस मांग को राज्य सरकार तक पहुंचाएंगे. निवेदन देते समय सुनिल अहिरे, प्रकाश जाधव, शत्रुघ्न उमप, अजय चेरिविला, अजय खाड़े, विजय हनवते, उस्मान शाह, प्रह्लाद आदि उपस्थित थे.

# ट्रक ने छात्रों के रिक्शा को मारी टक्कर

**उल्हासनगर.** कैंप नं. 3, फारवर्ड लाइन चौक पर एक ट्रक ने स्कूली बच्चों को ले जा रहे रिक्शा को टक्कर मार दी। सौभाग्य से छात्रों को कोई चोट नहीं आई, लेकिन रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया। दोपहर करीब एक बजे उल्हासनगर कैंप क्रमांक 4 स्थित फैमिली इंग्लिश मीडियम स्कूल के छात्रों को लेकर एक रिक्शा गुजर रहा था। कैम्प नं. 3. यहां फॉरवर्ड लाइन चौराहे पर एक ट्रक ने रिक्शा को टक्कर मार दी।



रिक्शा और ट्रक की गति कम होने के कारण छात्रों को कोई चोट नहीं आई। हालांकि कोई मामला दर्ज नहीं किया गया, लेकिन कहा जाता है कि एक बड़ी दुर्घटना टल गई। रिक्शा एसोसिएशन के पदाधिकारी राजा पाटिल ने दावा किया कि रिक्शा को जो नुकसान हुआ, वह रिक्शा चालक की गलती नहीं बल्कि ट्रक चालक की लापरवाही थी।

# अंबरनाथ जयहिंद बैंक 1 हजार करोड़ के लक्ष्य को पूरा करेगा

■ बैंक को 39 वर्ष पूरे

■ मान्यवरों का किया गया सम्मान

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ जयहिंद बैंक ने 1 मार्च 2025 को 39 वर्ष पूरे कर लिए हैं. इसी सिलसिले में 1 मार्च को बैंक के मुख्य ब्रांच स्टेशन रोड पश्चिम में पूजा का आयोजन किया गया था. जिसमें शहर के कई मान्यवरों ने भाग लिया. बैंक की मुख्य व्यवस्थापक रेखा पुजारी ने मान्यवरों का स्वागत करके उन्हें पुष्पगुच्छ शॉल देकर उनको सम्मानित किया. उन्होंने बताया कि विलास देसाई के मार्गदर्शन में जयहिंद बैंक ने बहुत तरक्की की है. हम सब मिलकर ये प्रयास कर रहे हैं कि जयहिंद बैंक अंबरनाथ 31



मार्च 2025 तक 1 हजार करोड़ रुपयों के अपने लक्ष्य को पूरा कर ले. उन्होंने बैंक के खातेदारों, डिपाजिटरों एवं शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि उन्हीं के कारण बैंक एक हजार करोड़ रुपयों के उद्दीष्ट को पूरा करने जा रहा है. अंबरनाथ व्यापारी संघ के अध्यक्ष खानजी धल, महासचिव एवं पत्रकार यूसुफ शेख ने भी बैंक में जाकर बैंक अधिकारियों, खासकर विलास देसाई को शुभेच्छा देते हुए बैंक के विकास करने एवं एक हजार करोड़ के लक्ष्य को पूरा करने के लिए शुभेच्छा दी है. उस समय बैंक व्यवस्थापक रेखा पुजारी, एन. के. शर्मा आदि उपस्थित थे.

# उल्हासनगर में 'हम मराठी बोलते हैं' पहल की शुरूआत

■ अमराठी लोगों ने मराठी में मराठी का किया गुणगान







**उल्हासनगर.** उल्हासनगर एक महानगरीय शहर है। कभी सैन्य छावनी रहे इस शहर का विस्तार पाकिस्तान से विस्थापित सिंधी व्यापारी वर्ग और देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए मजदूर वर्ग ने किया है। इस शहर में मराठी भाषी लोगों की संख्या बहुत अधिक है। उल्हासनगर में 60 वर्षों से एक साथ रह रहे अन्य भाषाई भी यहां धाराप्रवाह मराठी बोलते हैं। ऐसे अमराठियों ने इस अवसर पर मराठी की गर्वपूर्वक प्रशंसा की।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित 'कायद्याने वागा' जन आंदोलन के प्रणेता राज असरोंडकर ने कहा कि अमराठी भाषियों को मराठी बोलते समय बिना किसी झिझक के आत्मविश्वास के साथ मराठी को आत्मसात करने का प्रयास करना चाहिए। मराठी न केवल एक प्रशासनिक और आधिकारिक भाषा है, बल्कि अंतरसंचार की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया भी है। इस शहर में एक-दूसरे की भावनाओं को व्यक्त करने के लिए मराठी को मानक भाषा मानने के बजाय व्यापक रूप से प्रयोग किया जाता है। हालाँकि, जो मराठी लोग इसे अन्य लोगों पर थोप रहे हैं, उन्हें स्वयं सक्रिय रूप से मराठी को बढ़ावा देना चाहिए।

मराठी राजभाषा दिवस के अवसर पर उल्हासनगर में गंगोत्री वेलफेयर फाउंडेशन ने मराठी भाषा महोत्सव का आयोजन किया। इस अवसर पर संगठन के प्रवक्ता अरविंद बाजपेयी, सामाजिक कार्यकर्ता शशिकांत दायमा, बलबिंदर सिंह, व्यवसायी रतन लालवानी सहित मराठी भाषियों के सान्निध्य में रहकर उल्हासनगर में आत्मसात हुए अनेक अमराठी नागरिकों ने गुणवत्तापूर्ण मराठी में अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

एक समय महाराष्ट्र की सीमाएँ कर्नाटक, कानपुर से झांसी तक फैली हुई थीं। इसलिए मराठी एक ऐसी भाषा है जो अकेले महाराष्ट्र के कई राज्यों की सीमाओं को पार कर चुकी है। उसे बचाया जाना चाहिए. वाजपेयी ने यह भावना व्यक्त की।

दायमा ने यह भी कहा कि अगर मराठी भाषा को संरक्षित रखना है तो मराठी स्कूलों को संरक्षित करना समय की मांग है।

इस अवसर पर नीता इंगले, प्रिया गायकवाड़ और नीलकंठ थोरात ने मराठी गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अध्यक्ष सोनिया धामी ने मराठी में शुभकामनाएं दीं और गुरु नानक और संत नामदेव के बीच संबंधों के बारे में बताया।

गंगोत्री वेलफेयर फाउंडेशन के सचिव और उल्हासनगर महापालिका के पूर्व सभापति सभागृह नेता भारत गंगोत्री ने मराठी भाषा महोत्सव का आयोजन किया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि गंगोत्री वेलफेयर फाउंडेशन मराठी भाषा के संरक्षण और संवर्धन के लिए सदैव अग्रणी रहेगा।

# जिला सर्जन से यातायात पुलिस ने किया दुर्व्यवहार

■ पुलिस ने लगाया नशे में गाड़ी चलाने का आरोप

■ जिला सर्जन ने ठाणे पुलिस आयुक्त से की शिकायत

**उल्हासनगर.** महाशिवरात्रि के अवसर पर अंबरनाथ के प्राचीन शिव मंदिर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को देखने के बाद घर लौट रहे जिला सर्जन को यातायात पुलिस ने यह कहते हुए डांटा कि वह शराब के नशे में गाड़ी चला रहे थे। लेकिन जब उनसे दोनों का मेडिकल परीक्षण कराने को कहा गया तो पुलिस भाग गई। जिला शल्य चिकित्सक मनोहर बनसोडे ने इस घटना की लिखित शिकायत ठाणे पुलिस आयुक्त के समक्ष दर्ज कराई है।

मनोहर बनसोडे उल्हासनगर कैंप 3 स्थित सेंट्रल अस्पताल में जिला शल्य चिकित्सक के पद पर कार्यरत हैं। शिव मंदिर स्थित मेला स्थल पर सेंट्रल अस्पताल द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। बनसोडे वहां सुबह से शाम तक मरीजों की सेवा कर रहे थे। शाम को घर लौटते समय वह अपनी एक्टिवा में पेट्रोल भरवाने के लिए कल्याण के प्रेम ऑटो चौक स्थित पेट्रोल पंप पर गए। पंप से निकलते समय पुलिस अधिकारी यूनुस मुलानी और दो अन्य अधिकारियों ने बनसोडे की कार रोक ली। उन्होंने उसके साथ असम्मानजनक व्यवहार किया और कहा कि वह नशे में गाड़ी चला रहे थे। इसके अलावा, जब बनसोडे ने उन्हें बताया कि वे जिला सर्जन हैं, तो उन्होंने अशिष्टता से कहा, क्या आपके माथे पर यह लिखा है कि आप जिला सर्जन हैं?

यद्यपि बनसोडे ने परिवहन कर्मचारियों को अपना पहचान पत्र दिखाया, फिर भी उन्होंने उसे गिरफ्तार करने और मेडिकल परीक्षण कराने पर जोर दिया। अंततः बनसोडे ने उनसे कहा कि आप तीनों के मेडिकल के साथ मेरा भी मेडिकल करेंगे। जिसके बाद तीनों ने यह कहकर चले गए कि वे बाद में देखेंगे। उन्होंने ठाणे पुलिस कमिश्नर आशुतोष डुंबरे से मानसिक उत्पीड़न के मामले में कार्रवाई करने की मांग की है।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## कब थमेगा जोखिम का पहाड़?

उत्तराखंड में हिमस्खलन ने एक बार फिर तबाही मचाई है। इस पहाड़ी क्षेत्र में बर्फ की चट्टानें खिसकना कोई नई बात नहीं है, लेकिन कुछ समय के अंतराल में बार-बार होने वाली ऐसी घटनाएं डराती हैं। लगभग हर वर्ष होने वाले हिमस्खलन में कई लोगों की मौत हो जाती है। पर्वतारोहियों से लेकर आम नागरिक और निर्माण कार्यों में लगे मजदूर आए दिन हिमस्खलन की चपेट में आते रहे हैं। उन्हें बचाने का हरसंभव प्रयास होता है, लेकिन लापता हुए लोगों का कई बार पता नहीं चल पाता।

हालांकि हिमालयी क्षेत्र में बर्फ की भारी चट्टानें खिसकने की घटनाएं होती रही हैं, मगर पिछले एक दशक में इसकी आवृत्ति जिस तरह बढ़ी है, उस पर अब सोचने की आवश्यकता है। गौरतलब है कि बदरीनाथ से तीन किलोमीटर दूर माणा गांव में हिमस्खलन से मची तबाही से लोग एक बार फिर सहम उठे हैं। खबरों के मुताबिक, शुक्रवार को हुई घटना में सत्तावन लोग बर्फ के नीचे दब गए थे। इनमें से ज्यादातर लोगों को किसी तरह बाहर निकाल लिया गया। यों हिमस्खलन की चेतावनी एक दिन पहले ही जारी कर देने की बात कही गई है, लेकिन ऐसा लगता है कि यह सूचना उन निर्माण मजदूरों तक नहीं पहुंच पाई या फिर किसी स्तर पर इस मामले में लापरवाही बरती गई। अन्यथा हादसे में लोगों को जोखिम से बचाया जा सकता था।

दरअसल, पिछले कुछ समय से हिमस्खलन की घटनाओं में बढ़ोतरी की एक वजह प्राकृतिक है, तो दूसरी वजह असंतुलित विकास और पर्यावरण की उपेक्षा। उपभोक्तावादी संस्कृति को प्रोत्साहित कर और उसे अपना कर जिस तरह वैश्विक तापमान को बढ़ाया गया है, उससे न केवल जल-जंगल और जमीन पर प्रभाव पड़ा है, बल्कि समुद्र तथा पहाड़ भी इससे अछूते नहीं रहे। प्रकृति की प्रतिक्रिया हम जलवायु परिवर्तन के रूप में देख सकते हैं। कहीं सूखा तो कहीं बाढ़ और कहीं जंगलों में आग से लेकर हिमस्खलन की बढ़ती घटनाएं इसी का संकेत दे रही हैं। हिमस्खलन जैसी घटनाओं के प्रति सावधानी और जनजागरूकता से कुछ हद तक जानमाल के नुकसान को कम किया जा सकता है। मगर पहाड़ी इलाकों में जिस तरह मनुष्यों का बेतहाशा हस्तक्षेप बढ़ा है, उसमें सड़क से लेकर अन्य अनियोजित निर्माण कार्यों के गंभीर नतीजे अब सामने आ रहे हैं।

# महाकुंभ का संदेश, भीड़ नियंत्रण के ठोस उपायों पर हो मंथन

13 जनवरी 2025 को पौष पूर्णिमा के दिन से शुरू हुआ महाकुंभ शिवरात्रि को संपन्न हो गया। इस बार महाकुंभ में संगम पर जिस तरह अपार जन समूह ने स्नानकर अपने को धन्य किया, उसकी अपेक्षा किसी को नहीं थी। उत्तर प्रदेश सरकार का आकलन है कि 65 करोड़ से अधिक लोग महाकुंभ में सम्मिलित हुए।

इतने बड़े जनसमूह का 45 दिनों की अवधि में एक स्थान पर आकर एकत्रित होने से जहां एक कीर्तिमान स्थापित हुआ, वहीं इस बात को भी बल मिला कि भारत के लोगों को उस दैवीय शक्ति पर अगाध श्रद्धा है, जो मनुष्य को प्रेरित करती है कि वह ऐसे अवसरों पर आगे आकर जीवन के रहस्यों से परिचित हो और अपनी आध्यात्मिक भूख शांत करे। यह स्वाभाविक ही है कि लोग कुंभ को दैवीय कृपा का आशीर्वाद मानते हैं।

भारतीय संस्कृति में कुंभ का विशेष महत्व है। इसका उल्लेख हमारे शास्त्रों में भी मिलता है। कुंभ मेले का आयोजन हिंदू धर्म की सबसे प्राचीन परंपराओं में से एक है। कुंभ के आयोजन के पीछे पौराणिक और धार्मिक कारण ही नहीं, खगोलीय कारण भी हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार देवताओं और असुरों ने अमृत प्राप्त करने के लिए समुद्र मंथन किया।

इस मंथन के समय अमृत का एक कुंभ यानी कलश निकला। यह असुरों के हाथ लग गया, जिसे बचाने देवता आगे आए। इसी क्रम में अमृत की कुछ बूंदें प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नाशिक में गिरीं। इन चारों स्थानों को पवित्र मानकर यहां नदियों के तट पर कुंभ मेले का आयोजन होने लगा। कुंभ का भव्य आयोजन नाशिक, उज्जैन और हरिद्वार में भी होता है, लेकिन तीर्थराज प्रयागराज के कुंभ की महत्ता कहीं अधिक है।



इसका एक कारण यह है कि प्रयागराज में गंगा, यमुना के साथ अदृश्य सरस्वती का मिलन होता है। भले ही सरस्वती अदृश्य हो, लेकिन उसके अस्तित्व के प्रति भारतीयों की आज भी दृढ़ आस्था है। यही आस्था करोड़ों लोगों को कुंभ की ओर आकर्षित करती है और बिना किसी बुलावे के।

कुंभ साधु-संतों और भक्तों के मिलन का एक बड़ा केंद्र बनता है। कुंभ आध्यात्मिक ज्ञान का केंद्र ही नहीं बनता, बल्कि वह सांस्कृतिक आदान-प्रदान का माध्यम भी बनता है। इसके अतिरिक्त वह सामाजिक समरसता का भी परिचायक होता है।

आजादी के पहले भी संत–महात्माओं के साथ कुंभ पर जन समूह एकत्रित होता था, लेकिन जैसे-जैसे आवागमन की सुविधाएं बढ़ीं, लोगों ने कुंभ में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना शुरू किया। यहां आने वालों के बीच कहीं कोई भेद नहीं रहता।

इस बार का कुंभ खगोलीय विशिष्टताओं के कारण महाकुंभ कहलाया और इसीलिए इसमें देश के हर कोने और यहां तक कि दुनिया के अनेक हिस्सों से लोग आए। उत्तर प्रदेश सरकार का आकलन था कि महाकुंभ में लगभग 40 करोड़ लोग आएंगे, लेकिन इस अनुमान से कहीं अधिक 65 करोड़ से ज्यादा लोग प्रयागराज आए।

बहुत से लोगों ने इस कौतूहल के कारण भी हिस्सा लिया कि आखिर इतना बड़ा जनसमूह महाकुंभ क्यों पहुंच रहा है? जहां प्रधानमंत्री मोदी और अन्य अनेक लोग महाकुंभ को भारतीय एकता का कुंभ कह रहे हैं, वहीं कुछ लोग इसकी विवेचना इस तरह कर रहे हैं कि यह प्रकृति का दर्शन है और कुंभ जाकर हम पृथ्वी पर जीवनदायी सबसे अहम स्रोत-जल का नमन करते हैं।

हिमालय की बर्फ हो या मानसून की वर्षा, प्रकृति ने भारतीय उपमहाद्वीप को जल से विभूषित किया है। कुंभ जल स्रोतों की महत्ता का भी परिचायक है। हम भारतीयों को यह याद रखना होगा कि जल स्रोतों का शुद्ध रहना बहुत जरूरी है। आज हमारी नदियां प्रदूषित हो चुकी हैं।

महाकुंभ में तीर्थयात्रियों को प्रदूषित जल में स्नान न करना पड़े, इसके लिए प्रशासन ने कड़े जतन किए। इस पर कुछ राजनीति भी हुई कि स्नान के आखिरी दिनों में जल प्रदूषित हो रहा था। कई लोगों ने इसे मुद्दा भी बनाया, पर उनकी आवाज को आस्था के सैलाब ने अनसुनी कर दी।

अब जब महाकुंभ समाप्त हो गया है और करोड़ों लोगों ने जिस जल को नमन कर प्रकृति का आशीर्वाद लिया, उसे गंगा-यमुना के साथ अन्य नदियों को शुद्ध रखने की जिम्मेदारी उठानी होगी। हम भारतीयों ने नदियों के साथ अन्य जल स्रोतों को जिस तरह अशुद्ध किया है, वह किसी से छिपा नहीं।





हमारी आत्मा, जिसका सार-तत्व वही है जो परमात्मा का है, विशुद्ध चेतनता की उपस्थिति में ही आनंद पाती है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चौनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# सरकारी दफ्तरों में कामकाज का हिसाब

हर दिन की तरह कल भी आधा दफ्तर चाय की गुमटी पर था और आधा अपनी कुर्सियों पर बैठा पांच बजने की प्रतीक्षा में ऊंघ रहा था। तभी एक चपरासी आया और सूचना पटल पर एक कागज चिपकाने लगा। आठिया बाबू ने देख लिया। पूछने लगे, 'क्या चिपका रहे हो हरिराम?'

हरिराम ने कहा, डीएम साहब ने दिया था। बोले, चिपका आओ, सो हमने चिपका दिया। जो है, सो आप पढ़ लें। आठिया बाबू बोले, 'कितनी बार कहा, चिपकाने के पहले न सही बाद में पढ़ लिया करो। बताओ क्या लिखा है? वह खीझते हुए बोला, और भी काम हैं हमारे पास।

आठिया बाबू को उठकर देखना ही पड़ा। आदेश था, 'हर सरकारी कर्मचारी को ईमेल करके सोमवार की दोपहर तक बताना है कि इस सप्ताह उन्होंने क्या किया। जो नहीं बताएगा उसके ऊपर कार्रवाई की जाएगी।'

कुछ ही मिनटों में बात आग की तरह फैल गई। आदेश की कापी हर मोबाइल में पहुंच गई। बाबू रामलाल अपनी कुर्सी पर बैठे-बैठे चाय की चुस्कियां ले रहे थे। मिश्रा जी उन्हें ताना मारते हुए बोले, रामलाल जी, लगता है कि अमेरिका की तरह ट्रंप का फ़रमान यहां भी लागू हो रहा है।

बताओ क्या लिखेंगे ईमेल में इस हफ्ते आपने क्या किया, ? रामलाल बोले, पहले तो हमको यह बताओ ईमेल में लिखते कैसे हैं? इस पर आठिया जी हरिराम से बोले कि तुम दौड़कर जाओ और कंप्यूटर रूम से मौर्या को बुला लाओ। हरिराम थोड़ी देर में हांफते हुए आया और बोला, 'मौर्या तो नहीं मिले।

रामलाल गुस्सा होकर बोले, किसी को काम करने की पड़ी ही नहीं है। बताओ, चार बजे निकल गए। आठिया जी बोले, अरे आसपास गया होगा थोड़ी देर में देखते हैं। वर्मा जी ने अपने चश्मे को ऊपर खिसकाया और धीमे स्वर में बोले, रामलाल जी, किसी से लिखवा लीजिए ईमेल, कोई कठिन काम थोड़ी है और भेज दीजिए कि इस सप्ताह क्या किया?

आठिया बोले, तो आप हमें भी सिखाइए। वह हम नहीं सिखा सकते। हमें भी अच्छे से नहीं आता। किसी और से मदद लो।

रामलाल जी गहरी आवाज में बोले, देखिए, ईमेल करना तो चलो कैसे न कैसे जुगाड़ लेंगे, लेकिन हमारा प्रश्न यह है कि सरकारी दफ्तरों में यह पूछना उचित है क्या?

यह भी कोई प्रश्न है, 'पिछले हफ्ते क्या किया?' इस पर आठिया जी ने कहा, देखिए जी, सरकारी काम धीरे-धीरे और आराम से होता है। इसे मछली पकड़ने की तरह समझिए, जाल डाल दिया जाता है, फिर इंतजार होता है। रामलाल जी गंभीर स्वर में बोले, सरकारी दफ्तर में पिछले हफ्ते के कामकाज का हिसाब-किताब रखने की कोई अवधारणा नहीं होती, क्योंकि जो बीत गई सो बात गई।

शाम होते-होते सभी दफ्तरों में इस आदेश को लेकर हड़कंप मच गया था। इसे देखते हुए सरकारी कर्मचारी महासंघ ने इमरजेंसी बैठक बुलाई और घोषणा की, तानाशाही नहीं चलेगी। हफ्ते के काम का आदेश वापस नहीं लेने तक हड़ताल की जाएगी। भारत बंद किया जाएगा। चक्का जाम किया जाएगा।

विपक्ष को जैसे ही खबर मिली, उसके बयान आने शुरू हो गए, यह सरकारी कर्मचारियों का उत्पीड़न है! यह आदेश संविधान विरोधी है! यह जातिवाद है! यह आदेश अमुक जाति के कर्मचारियों को टारगेट करने के लिए लाया गया है! यह महिला विरोधी और जन विरोधी आदेश है। जनता इसका जवाब देगी।

इसमें सबसे बढ़िया बयान एक बड़े नेता का आया, जाति जनगणना कराओ! वही सब समस्याओं का समाधान है। मीडिया के कुछ लोगों ने इसे नौकरी का एनआरसी करार दिया, जिसके पास काम का सुबूत नहीं, उसकी नौकरी खतरे में! सरकारी दफ्तरों में बैनर लग गए, कर्मचारी जगाओ, ईमेल भगाओ!, कुर्सी हमारी, नियम तुम्हारे नहीं चलेंगे!

# पिज्जा को क्यों कहते हैं 'मार्गरीटा', किसके लिए हुआ था आविष्कार?

आज के समय में पिज्जा ऐसा फास्ट फूड बन गया है जिसे बच्चों से लेकर बड़े तक, हर कोई खाना पसंद करता है. सिर्फ डॉमिनोज या पिज्जा हट ही नहीं, मार्केट में कई पिज्जा चेन खुल चुकी हैं जो बेहद लजीज पिज्जा ऑफर करती हैं. पर क्या आपको पिज्जा के इतिहास के बारे में पता है? पिज्जा के एक खास प्रकार को मार्गरीटा पिज्जा कहा जाता है.

**जरा हट के**

आखिर मार्गरीटा का मतलब क्या होता है? पिज्जा को किसके लिए बनाया गया था? जब आप इन सवालों के जवाब जान जाएंगे, तो शायद आप पिज्जा कभी नहीं खाएंगे, क्योंकि आपको ये जानकर बहुत हैरानी होगी कि पुराने समय में जब ये बनना शुरू हुआ तो बासी चीजों से बनाया जाता था!

इंस्टाग्राम यूजर अनुज मोहंती ने हाल ही में एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने पिज्जा का इतिहास और इसकी कहानी सुनाई है. पिज्जा का आविष्कार 18वीं सदी के नेपल्स में हुआ था जो इटली में है. दरअसल, उस दौर में काफी लोग इटली, खासकर नेपल्स शहर काम के सिलसिले में आते थे. पर पैसा कम मिलता था और अधिकतर लोग गरीब होते थे, उनके पास अच्छा खाना खरीदने के पैसे भी नहीं होते थे. ऐसे में लोगों ने ऐसी डिश बनाने के बारे में सोचा, जो गरीबों के लिए हो, यानी सस्ता, टिकाऊ और जल्दी तैयार हो जाने वाला.



बस फिर क्या था, लोगों ने आटे से बनी रोटी में बासी, बची-कुची सब्जी, लहसुन और तेल डालकर उसे पका दिया और वो बन गया पिज्जा. देखा जाए तो पिज्जा काफी घिनौने ढंग से बनता था. ऐसे में इसे बड़े घर के लोग खाना नहीं पसंद करते थे. पर आज देखिए, हम कितनी चाव से इसे खाते हैं. हालांकि, इसके साइड इफेक्ट्स भी बहुत होते हैं.

कुछ इतिहासकारों का मानना है कि पिज्जा, ग्रीक शब्द पिट्टा से बना है जिसका अर्थ होता है पाई. हालांकि, कुछ का मानना है कि पिज्जा शब्द, पूर्वी जर्मनी में बोली जाने वाली लॉम्बार्डिक भाषा के शब्द बिज्जो से बना है, जिसका अर्थ है मुंह से काटना.

**खाना-खजाना**

# पाव भाजी मसाला

पाव भाजी महाराष्ट्र का फेमस स्ट्रीट फूड है। हालांकि, ये डिश अब हर रेस्तरां के मेन्यू में शामिल हो चुकी है। भाजी को बनाने में कई सारी सब्जियों का इस्तेमाल किया जाता है, इसलिए इसे काफी हद तक हेल्दी डिश माना जाता है। लोग इसे घर पर बनाना भी पसंद करते हैं। हालांकि कई बार ऐसा होता है कि आप घर बनी पावभाजी में बाहर वाला टेस्ट नहीं आता। इसका मुख्य कारण मसाला है। पावभाजी माला स्वाद को पूरी तरह से बदल सकता है। यहां हम बता रहे हैं घर पर स्पेशल पावभाजी मसाला बनाने की रेसिपी।

### पाव भाजी मसाला बनाने के लिए आपको चाहिए...

- 8-10 सूखी लाल मिर्च
- 1 कप सूखा धनिया
- 3 बड़ी इलायची



- 1 चम्मच हल्दी
- 2 चम्मच अमचूर पाउडर
- 1 टेबल स्पून काली पिसी मिर्च
- 1 चम्मच काला नमक
- 7 लौंग
- 2 छोटे चम्मच जीरा
- 2 छोटे चम्मच सौंफ
- 1 छोटी दालचीनी स्टिक

### कैसे बनाएं मसाला

पाव भाजी मसाला बनाने के लिए सबसे पहले पैन गर्म करें। फिर इसमें धनिया, जीरा, सौंफ, लाल सूखी मिर्च, काली मिर्च डालें और 3 से 4 मिनट तक भून लें। अब इसे आंच से हटा दें और मसाले को ठंडा होने दें। ठंडा हो जाने के बाद अच्छी तरह से पीस लें और फिर इसे छलनी से छान लें। पाव भाजी मसाला तैयार है। इस मसाले को किसी एयर टाइट कंटेनर में या फिर किसी कांच के बॉक्स में रखें।

# घर बैठे ऑर्गेनिक होली कलर बनाने का आसान तरीका

### स्किन एलर्जी की नहीं रहेगी टेंशन

रंग और मौज मस्ती का त्योहार होली, बस कुछ ही दिनों में दस्तक देने वाला है। रंगों से भरे इस त्योहार की रौनक अभी से बाजार में दिखने लगी है। होली के दिन लोग आपसी गिले शिकवे भुलाकर एक दूसरे को प्यार के रंग लगाते हैं। लेकिन कई बार बाजार में मिलने वाले केमिकल रंग खुशियों के इस रंग में भंग डाल देते हैं। दरअसल,होली में खेले जाने वाले रंगों में केमिकल की मात्रा अधिक होने की वजह से ये आपकी त्वचा और बालों को भारी नुकसान पहुंचाने लगते हैं। तो इस साल त्योहार की मौज मस्ती में आप अपनी सेहत के साथ खिलवाड़ बिल्कुल ना करें।



### चुकंदर से बनाएं गुलाबी रंग

होली पर गुलाबी रंग का गुलाल बनाने के लिए आप चुकंदर का यूज कर सकते हैं। चुकंदर से गुलाबी रंग तैयार करने के लिए सबसे पहले कद्दूकस किए हुए चुकंदर को एक बड़े बर्तन में डाल दें। इसके बाद बर्तन में थोड़ा सा पानी डालकर 2 से 3 मिनट तक चुकंदर को पानी में मसल लें। इसके बाद 3 कप कॉर्न स्टार्च (इसकी जगह आप टेलकम पाउडर का यूज भी कर सकते हैं) लेकर उसके अंदर छन्नी की मदद से कद्दूकस किए हुए चुकंदर का पानी निचोंडकर डालें। चुकंदर से गुलाबी रंग बनाते समय पानी की मात्रा कम ही रखें। अब इस मिश्रण को दोनों हाथों से रगड़ते हुए इसकी गुठलियां तोड़ दें। इसके बाद अब इसमें 2 चम्मच गुलाब जल डाल दें। अब इस गुलाबी रंग को पूरी तरह से तैयार करने के लिए आप इसे 2 दिन तेज धूप में सूखा लें या फिर 2 मिनट तक इस पाउडर को माइक्रोवेव कर लें। इसके बाद एक बार फिर छन्नी की मदद से पाउडर को छानकर होली के गुलाबी रंग को कांच की बोतल में स्टोर करके रख लें।

### हल्दी से बनाएं पीला रंग

पीला रंग बनाने के लिए शेफ कुणाल ने हल्दी का यूज किया है। इसके लिए डेढ कप पानी को अच्छी तरह उबाल लें। अब इस उबलते हुए पानी में दो चम्मच हल्दी पाउडर या पीला फूड कलर मिला दें। पानी में हल्दी डालने से हल्दी अपना रंग छोड़ देगी, जिससे पानी का रंग पीला हो जाएगा। अब इस गर्म पानी को एक खुले बर्तन में डालकर ठंडा होने के लिए रख दें। पानी ठंडा होने पर इसमें 3 कप कॉर्न स्टार्च डालकर अच्छी तरह मिला दें। इसके बाद आप इसमें एक चम्मच गुलाब जल मिला दें। गुलाबी रंग की तरह आप इस मिश्रण को भी दोनों हाथों से रगड़ते हुए इसकी गुठलियां तोड़कर एक दिन तेज धूप में सूखा लें या फिर 2 मिनट तक इस पाउडर को माइक्रोवेव कर लें। इसके बाद पाउडर को छन्नी से छान लें। आपका होली का पीला रंग बनकर तैयार है।

### धनिया और पालक के पत्तों से बनाएं हरा रंग

होली पर हरा रंग बनाने के लिए हरा धनिया और पालक के पत्तों को मिक्सी में थोड़े से पानी के साथ पीसकर पेस्ट तैयार कर लें। अब इस पेस्ट को छानकर इसका पानी अलग कर लें। इसके बाद 3 कप कॉर्न स्टार्च और एक चम्मच गुलाब जल डालकर अच्छी तरह मिला दें। आप इस मिश्रण को दोनों हाथों से रगड़ते हुए इसकी गुठलियां तोड़कर एक दिन तेज धूप में सूखा लें या फिर 2 मिनट तक इस पाउडर को माइक्रोवेव कर लें। इसके बाद पाउडर को छन्नी से छान लें। आपका होली का हरा रंग बनकर तैयार है।

## आज का राशिफल

**मेष** : रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेश के सुखद परिणाम आएंगे। किस्मत मेहरबान रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। पुराना रोग उभर सकता है।

**वृषभ** : अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों से अपेक्षा पूर्ण नहीं होने से खिन्नता रहेगी। कार्य में विलंब होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**मिथुन** : नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नए व्यापारिक अनुबंध होंगे। धनार्जन होगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**कर्क** : पुराने शत्रु परेशान कर सकते हैं। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं।

**सिंह** : कुसंगति से हानि होगी। पूजा–पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबार अच्छा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

**कन्या** : वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में सावधानी रखें, विशेषकर स्त्रियां रसोई में ध्यान रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। लेन–देन में जल्दबाजी न करें। धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आय में निश्चितता होगी।

**तुला** : शत्रु परास्त होंगे। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। स्त्री पक्ष से लाभ होगा। अज्ञात भय रहेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**वृश्चिक** : लेन–देन में जल्दबाजी न करें। किसी अपरिचित पर अतिविश्वास न करें। आय में वृद्धि होगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। कोई बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाग्य बेहद अनुकूल है, लाभ लें। चोट व रोग से बचें।

**धनु** : किसी गलती का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। जल्दबाजी व लापरवाही न करें। अज्ञात भय सताएगा। पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। भोजन का आनंद मिलेगा।

**मकर** : पुराना रोग उभर सकता है। किसी बड़ी समस्या से सामना हो सकता है। लेन–देन में विशेष सावधानी रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। दुःखद समाचार मिल सकता है। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। व्यर्थ भागदौड़ होगी। कार्य में विलंब होगा।

**कुंभ** : प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। किस्मत मेहरबान रहेगी। आय में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा।

**मीन** : शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विवेक से कार्य करें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार–व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। आय में वृद्धि होगी।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# 07 मार्च से होलाष्टक, 14 मार्च से मलमास

### जानें शुभ कार्य क्यों रहेंगे वर्जित

हिन्दू परंपरा में मुहूर्त का विशेष महत्व होता है। हमारे सनातन धर्म में प्रत्येक कार्य के लिए एक अभीष्ट मुहूर्त निर्धारित है। वहीं कुछ अवधि ऐसी भी होती है जब शुभकार्य के मुहूर्त का निषेध होता है। इस अवधि में सभी शुभ कार्य वर्जित होते हैं। 'होलाष्टक' और 'मलमास' ऐसी ही अवधि होती है जिसमें समस्त मांगलिक कार्यों का निषेध होता है।

'होलाष्टक': होलिका दहन से पूर्व के आठ दिनों की अवधि को लोकमान्यता अनुसार 'होलाष्टक' कहा जाता है, इस अवधि में समस्त शुभ एवं मांगलिक कार्यों का निषेध होता है। वर्ष 2025 संवत 2081 में 'होलाष्टक' का प्रारंभ फाल्गुन शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि दिनांक 07 मार्च 2025 से प्रारंभ होगा एवं इसकी समाप्ति फाल्गुन पूर्णिमा दिनांक 13 मार्च 2025 को होगी।




कब तक रहेगा 'मलमास' (मीन संक्रांति): वर्ष 2025 संवत 2081 फाल्गुन पूर्णिमा, दिनांक 14 मार्च 2025 से 'मलमास' प्रारंभ होगा जो संवत 2082 वैशाख कृष्ण प्रतिपदा दिनांक 13 अप्रैल 2025 पर्यंत मान्य होगा। मीन संक्रांति (मलमास) प्रभावी होने के कारण इस अवधि में समस्त शुभकार्यों का निषेध रहेगा।

### क्या होता है 'मलमास'

जब सूर्य गोचरवश धनु और मीन में प्रवेश करते हैं तो इसे क्रमशः धनु संक्रांति व मीन संक्रांति कहा जाता है। सूर्य किसी भी राशि में लगभग 1 माह तक रहते हैं। सूर्य के धनु राशि व मीन राशि में स्थित होने की अवधि को ही 'मलमास' या 'खरमास' कहा जाता है। 'मलमास' में सभी प्रकार के शुभ कार्य जैसे विवाह, मुंडन, सगाई, गृहारंभ व गृहप्रवेश के साथ व्रतारंभ एवं व्रतउद्यापन आदि वर्जित रहते हैं।

# होलिका दहन का शास्त्रोक्त नियम



**होलिका दहन का समय**

होलिका दहन श्रेष्ठ मुहूर्त
मध्यरात्रि 11:26 से 12:30 के बीच।

- पहला नियम यह कहता है कि होलिका दहन के समय भद्राकाल यानी विष्टि काल नहीं होना चाहिए।
- दूसरा नियम यह कहता है कि यदि भद्रा मृत्यु लोक की नहीं है तो होलिका दहन किया जा सकता है।
- तीसरा नियम यह कहता है कि पूर्णिमा प्रदोषकाल-व्यापिनी होनी चाहिए। यानी उस दिन सूर्यास्त के बाद के तीन मुहूर्तों में पूर्णिमा तिथि होनी चाहिए।
- चौथा नियम यह कहता है कि भद्रा हो तो पूंछ काल में होलिका दहन किया जा सकता है बशर्ते कि ज्योतिष गणणा इसकी इजाजद देती हो।

### होलिका दहन की पूरी पूजा विधि-

1. सबसे पहले होलिका पूजन के लिए पूर्व या उत्तर की ओर अपना मुख करके बैठें।
2. अब अपने आस-पास पानी की बूंदें छिड़कें।
3. गोबर से होलिका और प्रहलाद की प्रतिमाएं बनाएं।
4. थाली में रोली, कच्चा सूत, चावल, फूल, साबुत हल्दी, बताशे, फल और एक कलश पानी रखें।
5. नरसिंह भगवान का स्मरण करते हुए प्रतिमाओं पर रोली, मौली, चावल, बताशे और फूल अर्पित करें।
6. अब सभी सामान लेकर होलिका दहन वाले स्थान पर ले जाएं।
7. अग्नि जलाने से पहले अपना नाम, पिता का नाम और गोत्र का नाम लेते हुए अक्षत (चावल) में उठाएं और भगवान गणेश का स्मरण कर होलिका पर अक्षत अर्पण करें।
8. इसके बाद प्रहलाद का नाम लें और फूल चढ़ाएं।
9. भगवान नरसिंह का नाम लेते हुए पांच अनाज चढ़ाएं।
10. अब दोनों हाथ जोड़कर अक्षत, हल्दी और फूल चढ़ाएं।
11. कच्चा सूत हाथ में लेकर होलिका पर लपेटते हुए परिक्रमा करें।
12. आखिर में गुलाल डालकर चांदी या तांबे के कलश से जल चढ़ाएं।
13. इसके बाद होलिका दहन होता है।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### नेपाल से आए हाथियों ने फिर मचाया उत्पात, पीलीभीत में मचान ढहाया; ग्रामीणों में दहशत

**पीलीभीत.** नेपाल से आए हाथियों ने एक बार फिर उत्पात मचाया है। इस बार माला रेंज के अंतर्गत गांव सिरसा के बाद मरौरी पहुंचे हाथियों ने मचान को गिरा दिया। इससे फसल की रखवाली करने जाने वाले अन्य ग्रामीणों में दहशत फैल गई। इसकी जानकारी जब सुबह वनाधिकारियों को दी गई तो टीम मौके पर पहुंची और तथ्य जुटाए। क्षतिग्रस्त मचान और फसल के आसपास हाथियों के पगचिन्ह मिले हैं। वनकर्मियों ने इसकी जानकारी अधिकारियों को दी। आने जाने वाले क्षेत्रीय लोगों को अलर्ट किया गया है। एक दिन पूर्व रात में सामाजिक वानिकी क्षेत्र के अंतर्गत सिरसा सरदाह में हाथियों ने लोहे के तार को तोड़ कर फेंक दिया था। साथ ही गेहूं करीब दो बीघा खराब कर दिया था।

### सनकी आशिक ने ही गर्लफ्रेंड की हत्या कर फेंकी थी लाश, पुलिस ने किया खुलासा

**जौनपुर.** जौनपुर में एक लड़की की हत्या कर लाल सूटकेस में लाश भरकर फेंक दिया गया था। इस घटना के एक दिन बाद ही पुलिस ने बाद ही पुलिस ने मामले का खुलासा कर मृतका के प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया। जांच पड़ताल के दौरान युवती की पहचान वाराणसी के रोहनिया थाना क्षेत्र की रहने वाली 22 वर्षीय अनन्या साहनी के तौर पर हुई। वह जौनपुर के एक शॉपिंग मॉल में जॉब करती थी और मछलीशहर पड़ाव पर किराये पर कमरा लेकर रहती थी। पुलिस की मानें तो वाराणसी के ही रहने वाले विशाल साहनी के साथ 2019 से ही युवती का प्रेम प्रसंग था। लेकिन इस बीच युवती की शादी कहीं और हो गई लेकिन यह शादी ज्यादा दिन तक नहीं चल सकी। विशाल जौनपुर अक्सर आता रहता था। 24 फरवरी को भी वह जौनपुर आया और प्रेमिका के यहां ही रुका। 25 फरवरी की सुबह दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया और विशाल ने घर में रखे पलटे से वार कर दिया। इससे युवती की मौत हो गई। डर की वजह से विशाल ने सूटकेस में शव को भरकर ई-रिक्शा से जेसीज चौराहे के पास ले गया और वहां झाड़ी में सूटकेस समेत फेंक शव दिया। पूछताछ के दौरान विशाल ने अपना गुनाह कबूल करते हुए बताया कि युवती बार-बार शादी का दबाव डाल रही थी। जिससे तंग आकर उसने हत्या की योजना बनाई फिर पलटे से वार कर उसक हत्या कर दी।

### किसान पर झपटा बाघ, शोर मचाने पर भागा

**लखीमपुर.** लखीमपुर के पूरनपुर में गन्ना छीलने गए किसान पर बाघ ने झपट्टा मार दिया। शोर मचाने पर बाघ खेतों की तरफ चला गया। सूचना मिलने के बाद संपूर्णनगर के वन कर्मी मौके पर पहुंच गए। 4 दिन पहले भी गन्ना छीलने गए ग्रामीण पर भी बाघ ने अटैक कर घायल कर दिया था। उनका अभी उपचार चल रहा है। लगातार घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पूरनपुर तहसील के हजारा क्षेत्र के गांव मुरैनिया गांधी नगर निवासी विजय सिंह, प्रकाश मौर्य गांव से कुछ दूर खेत पर गन्ने की छिलाई करने गए थे। तभी अचानक बाघ ने उनपर झपट्टा मारने का प्रयास किया। चीखने पर पास में मौजूद कल्लू, बबलू, सुरेश, सोनी, मुकुल अरविन्द शुक्ला आदि लोगों ने हल्ला मचाना शुरू कर दिया। तभी बाघ वहां से भाग गया।

# बर्फीली तबाही में अब तक 7 लोगों की मौत

- एक अब भी लापता, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

**चमोली.** उत्तराखंड के चमोली में आई बर्फीली तबाही के तीन दिन बाद अब भी एक मजदूर कई फुट बर्फ के नीचे दबे हुआ है। रविवार सुबह खोजी कुत्तों और हेलीकॉप्टरों की मदद से शुरू किए गए रेस्क्यू ऑपरेशन में तीन लोगों के शव ढूंढ निकाले गए हैं जबकि एक की तलाश जारी है। इसी के साथ इस हादसे में मरने वालों की संख्या 7 हो गई है। बदरीनाथ के पास माणा गांव में शुक्रवार को एवलांच आने से करीब 54 मजदूर बर्फ के नीचे दब गए थे। एक अन्य मजदूर पहले ही घर जा चुका था जिसकी वजह से वह एवलांच की चपेट में आने से बच गया।

उधर शनिवार तक कुल 50 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाला गया जिनमें से चार ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं आज अन्य दो लोगों के शव बरामद होने के बाद मरने वालों की संख्या कुल 6 हो गई है, वहीं अन्य दो की तलाश जारी है।






- वायुसेना के कई हेलीकॉप्टर बचाव कार्य में जुटे

जानकारी के मुताबिक भारतीय वायु सेना के Mi-17, चीता हेलीकॉप्टर बचाव कार्यों के लिए तैनात किए गए हैं। भारतीय वायु सेना के अधिकारियों के अनुसार, एक Mi-17 हेलीकॉप्टर रविवार को उत्तराखंड के चमोली जिले में हिमस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में खोज अभियान के लिए ड्रोन-आधारित इंटेलिजेंट बरीड ऑब्जेक्ट डिटेक्शन सिस्टम को एयरलिफ्ट करने के लिए तैयार है। वहीं जोशीमठ में डीएम चमोली संदीप तिवारी ने कहा, बचाव कार्य आज सुबह 7 बजे शुरू हो गया था। आज का मौसम साफ है। सेना और वायुसेना के 7 हेलिकॉप्टर बचाव अभियान में लगे हुए हैं। हमने खोज और बचाव अभियान के लिए, माणा में थर्मल इमेजिंग कैमरा, NDRF के स्निफर डॉग को भेजा है। लापता लोग जल्द से जल्द ही हमें मिल जाएंगे।

उधर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र पहुंचकर माणा में जारी बचाव कार्यों का जायजा लिया और अधिकारियों को हिमस्खलन से प्रभावित बिजली, संचार तथा अन्य सुविधाओं को जल्द से जल्द सुचारू करने के निर्देश दिए। चमोली के जिलाधिकारी डॉ. संदीप तिवारी ने बताया कि मौसम साफ है और फंसे मजदूरों को निकाले जाने के लिए राहत एवं बचाव अभियान सुबह फिर शुरू हो गया।

### 54 मजदूर बर्फ में दबे

उन्होंने बताया कि लापता मजदूरों की खोजबीन के लिए दिल्ली से 'जीपीआर सिस्टम' भी आने वाला है। जिलाधिकारी ने कहा कि 'ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार' (जीपीआर) को मौके पर पहुंचाने के लिए सेना का हेलीकॉप्टर 'एमआई 17' देहरादून में इंतजार कर रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इससे तलाशी अभियान में तेजी आएगी और लापता लोग अब खोज लिए जाएंगे। करीब 3,200 मीटर की ऊंचाई पर भारत-चीन सीमा पर स्थित आखिरी गांव माणा में शुक्रवार को हिमस्खलन होने से बीआरओ शिविर में आठ कंटेनर में रह रहे सीमा सड़क संगठन के 54 मजदूर बर्फ के फंस गए थे। मजदूरों की संख्या पहले 55 बताई जा रही थी लेकिन एक मजदूर के हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा स्थित अपने घर सुरक्षित पहुंच जाने की सूचना मिलने के बाद यह संख्या 54 रह गयी है ।

# हिमाचल में बर्फबारी से 4 नेशनल हाईवे बंद

- जम्मू-श्रीनगर हाईवे हल्के वाहनों के लिए खुला
- 3 मार्च से फिर बारिश-बर्फबारी के आसार

**नई दिल्ली.** देश के पहाड़ी इलाकों में बारिश-बर्फबारी का दौर कुछ धीमा हो गया है। मौसम विभाग (IMD) के मुताबिक आज रात एक नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होगा। इसके असर से 3 मार्च के बाद बारिश और बर्फबारी का दौर फिर से शुरू होने की उम्मीद है।

हिमाचल प्रदेश में लैंडस्लाइड की वजह से सड़कें अभी भी बंद हैं। राज्य की 480 सड़कें और 4 नेशनल हाईवे अभी भी बंद हैं। स्टेट इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर के मुताबिक शनिवार शाम तक भी 2 हजार से ज्यादा ट्रांसफॉर्मर और 434 जल आपूर्ति योजनाएं बाधित हैं।

हिमाचल में कुल्लू जिले के भुंतर में सबसे ज्यादा 112 mm बारिश दर्ज हुई। कुल्लू जिले के ही कोठी में सबसे ज्यादा 15 cm बर्फबारी हुई। IMD के मुताबिक 2 मार्च की रात तक मौसम साफ रहने की उम्मीद है। 3 मार्च को सुबह से भारी बारिश और बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 6 मार्च से तापमान धीरे-धीरे बढ़ेगा।

जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे शनिवार को सिर्फ हल्के वाहनों के लिए खोल दिया गया।

# जलगांव में केंद्रीय मंत्री की बेटी से छेड़छाड़

- वीडियो बना रहे थे युवक, रोका तो गार्ड से मारपीट
- POCSO और IT एक्ट में मामला दर्ज

**जलगांव.** महाराष्ट्र के जलगांव में केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे की बेटी के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। जलगांव के मुक्ताई नगर इलाके में एक मेले के दौरान कुछ लड़कों ने केंद्रीय मंत्री की बेटी और उसकी सहेलियों से छेड़खानी की। मामले की शिकायत खुद मंत्री रक्षा खडसे ने मुक्ताई नगर थाने में की है।

SDPO कृष्णत पिंगले ने बताया कि 28 फरवरी को कोथली गांव में एक यात्रा थी। इसी यात्रा में अनिकेत घुई और उसके 7 दोस्तों ने 3-4 लड़कियों का पीछा किया और उनके साथ छेड़छाड़ की।



हमने POCSO (प्रिवेंशन ऑफ चाइल्ड फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस) एक्ट के साथ-साथ IT (इन्फॉर्मेशन) एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें भेजी गई हैं।

### मंत्री की बेटी और सहेलियों का वीडियो बना रहे थे लड़के

पुलिस के मुताबिक, मेले के दौरान कुछ लड़कों ने रक्षा खडसे की बेटी से छेड़खानी की। साथ मौजूद पुलिस सुरक्षाकर्मी का कॉलर पकड़ा और उसे भी धमकी दी। लड़के रक्षा खडसे की बेटी और उसकी सहेलियों का वीडियो बना रहे थे। जब गार्ड ने देखा तो उसने लड़कों को रोका।

गार्ड ने जब मोबाइल जब्त कर जांच की। इसके बाद लड़कों ने सुरक्षाकर्मी से मारपीट शुरू कर दी। सुरक्षाकर्मी ने युवकों को बताया कि यह लड़की केंद्रीय मंत्री की रिश्तेदार है, लेकिन युवक नहीं रुके।

### केंद्रीय मंत्री बोलीं- लगातार लड़कियों का पीछा कर रहे थे युवक



रक्षा खडसे ने कहा, यह घटना गंभीर है। मैं गुजरात जा रही थी तो बेटी को सुरक्षा गार्ड और कार्यालय कर्मचारियों के साथ भेज दिया था। उसके दोस्त भी साथ थे। वहां पहुंचने पर कुछ बदमाशों ने उनका पीछा किया। वे लड़के लड़कियों का पीछा कर रहे थे, जहां जातीं, वहीं चले जाते। मैंने इस संबंध में मुख्यमंत्री से दो बार बात की है। उन्होंने इस संबंध में पुलिस अधीक्षकों को भी निर्देश दिए हैं।

# कौन हैं 'दक्षिण की सुषमा स्वराज'?

- भाजपा बना सकती है पहली महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष
- रेस में और भी नाम



### भाषण के कारण सुषमा से तुलना

पुरंदेश्वरी को 'दक्षिण की सुषमा स्वराज' के नाम से भी जाना जाता है। उनकी शानदार भाषण क्षमता और पांच भाषाओं में प्रवीणता के कारण उन्हें बीजेपी के समर्थकों में व्यापक स्वीकृति प्राप्त है। वहीं, वनथी श्रीनिवासन पार्टी के रणनीतिकार और गृह मंत्री अमित शाह द्वारा हाल ही में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होते देखा गया था। एक वरिष्ठ बीजेपी नेता ने बताया, "वह अपनी मोर्चा के तहत कई सफल कार्यक्रम आयोजन के लिए जानी जाती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा अमित शाह द्वारा उन पर भरोसा किया जाता है।"

**नई दिल्ली.** भारतीय जनता पार्टी (BJP) मार्च के मध्य तक अपने नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा करने वाली है। यह निर्णय पार्टी के संगठनात्मक चुनावों के बाद लिया जाएगा। भगवा पार्टी फिलहाल 13 से अधिक राज्यों में संगठनात्मक चुनाव में व्यस्त है। पार्टी के सूत्रों के अनुसार, पार्टी के नए अध्यक्ष का चुनाव आंतरिक सहमति से किया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि भाजपा के इतिहास में पहली बार किसी महिला को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने की संभावना है। इस बात की भी चर्चा है कि भाजपा दक्षिण भारत से किसी को यह जिम्मेदारी दे सकती है।

न्यू इंडियन एक्सप्रेस ने अपनी एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा है कि भाजपा अगर किसी महिला को राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए चुनती है तो महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष और कोयंबटूर विधायक वनथी श्रीनिवासन या आंध्र प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दग्गुबाती पुरंदेश्वरी इस पद के लिए सबसे संभावित उम्मीदवार मानी जा रही हैं। दग्गुबाती पुरंदेश्वरी की दावेदारी इस पद के लिए सबसे अधिक है। 66 साल की पुरंदेश्वरी ने 2014 में कांग्रेस छोड़कर बीजेपी जॉइन की थी और संगठनात्मक मामलों में उनका महत्वपूर्ण अनुभव है। वर्तमान में वह आंध्र प्रदेश में बीजेपी की अध्यक्ष हैं और एक तेज-तर्रार महिला नेता के रूप में जानी जाती हैं।

- रेस से बाहर हो सकते हैं खट्टर

सूत्रों ने यह भी संकेत दिया कि पार्टी के नए अध्यक्ष का चयन 50-70 वर्ष के आयु वर्ग में होगा। इस कारण से हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर रेस से बाहर हो सकते हैं। वर्तमान में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी रेस में बताए जा रहे हैं।

# कर्नाटक में टैटू पार्लर के लिए सख्त नियम बनाया जाएगा

**बेंगलूरु.** कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने ऐलान किया है कि कि राज्य सरकार टैटू पार्लरों के लिए नए और सख्त नियम लागू करने की योजना बना रही है ताकि सुरक्षा सेफ्टी को सुनिश्चित किया जा सके। इसके लिए राज्य सरकार केंद्र से हस्तक्षेप की भी मांग करेगी ताकि टैटू प्रक्रिया के लिए उचित दिशा-निर्देश स्थापित किए जा सकें।

स्वास्थ्य मंत्री राव ने बताया कि खाद्य सुरक्षा विभाग ने हाल ही में टैटू स्याही के नमूनों का टेस्ट किया जिसमें 22 तरह के खतरनाक मटेरियल पाए गए। इनमें स्किन कैंसर, HIV, हेपेटाइटिस बी और सी और स्टैफिलोकोकस ऑरियस जैसे बैक्टीरिया भी पाए गए।

टैटू से जुड़े संक्रमणों के कारण एड्स, कैंसर और स्किन से जुड़ी बीमारियों में काफी बढ़ोतरी हुई है। इसमें खराब सफाई स्टैंडर्ड और टैटू प्रक्रिया में खतरनाक रसायनों के इस्तेमाल पर चिंता जताई गई है।

### इडली बनाने में प्लास्टिक के इस्तेमाल पर प्रतिबंध

28 फरवरी को कर्नाटक सरकार ने राज्य के सभी होटलों में इडली बनाने में प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगा दी है क्योंकि स्वास्थ्य मंत्री ने खतरनाक रसायनों की मौजूदगी को पहचाना था। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इडली बनाने में स्वास्थ्य के लिए हानिकारक प्लास्टिक का इस्तेमाल गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है।

# दिल्ली में 15 साल पुराने वाहनों को पेट्रोल-डीजल नहीं मिलेगा

- प्रदूषण कम करने के लिए सरकार का फैसला
- 31 मार्च से लागू होगा नियम

**नई दिल्ली.** दिल्ली में 15 साल और उससे ज्यादा पुराने वाहनों को 31 मार्च से पेट्रोल-डीजल नहीं दिया जाएगा। दिल्ली में बढ़ते एयर पॉल्यूशन को कंट्रोल करने के लिए दिल्ली सरकार ने यह कदम उठाया है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने शनिवार को यह ऐलान किया। उन्होंने कहा, 'इस फैसले की जानकारी केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय को जल्द दी जाएगी। हम पेट्रोल पंपों पर गैजेट लगा रहे हैं जो 15 साल से पुराने वाहनों की पहचान करेंगे। ऐसे वाहनों को पेट्रोल-डीजल नहीं दिया जाएगा।'

### ये फैसले भी लिए गए

शहर की सभी ऊंची इमारतों, होटलों पर एंटी-स्मॉग गन लगाना कंपल्सरी किया गया है। ये नियम पहले से ही है। अब सख्ती से लागू किया जाएगा। दिल्ली में लगभग 90% पब्लिक CNG बसों को दिसंबर 2025 तक सिस्टेमेटिक तरीके से हटा दिया जाएगा। इनकी जगह इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी।

दिल्ली के ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा- मार्च में दिल्ली को एक हजार से ज्यादा इलेक्ट्रिक बसें मिलेंगी। दिल्ली का परिवहन क्षेत्र वर्तमान में 235 करोड़ रुपए के घाटे में चल रहा है।

# मायावती ने फिर आकाश आनंद को सभी पदों से हटाया

### बढ़ा भाई का कद बसपा की बैठक में बड़े फैसले

**लखनऊ.** यूपी की पूर्व सीएम और बसपा की प्रमुख मायावती ने एक बार फिर भतीजे आकाश आनंद से अपना उत्तराधिकार छीन लिया है और उन्हें पार्टी के सभी पदों से हटा दिया है। इसके साथ ही दो नए नेशनल को-आर्डिनेटरों की नियुक्ति की है। आकाश की जगह उनके पिता और बसपा के महासचिव रहे आनंद कुमार और सांसद (राज्यसभा) राम जी गौतम को नेशनल कोआर्डिनेटर बनाया गया है। इसके साथ ही मायावती ने यह भी कहा है कि अब मैंने खुद भी यह फैसला लिया है कि मेरे जीते जी व मेरे आखिरी सांस तक भी अब पार्टी में मेरा कोई भी उत्तराधिकारी नहीं होगा।



बसपा सुप्रीमो मायावती ने रविवार को लखनऊ में बसपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक बुलाई थी। इसमें कई राज्यों के पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भी शामिल हुए। बसपा प्रमुख ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ पार्टी की मौजूदा स्थिति और भविष्य में इसे मजबूत बनाने के उद्देश्य पर समीक्षा और चर्चा की। इस दौरान कई बड़े फैसले लिए गए।

पहले ही माना जा रहा था कि रविवार की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में मायावती अपने निर्णयों से चौंका सकती हैं। सुबह 11 बजे के करीब शुरू हुई इस बैठक में बसपा सुप्रीमो मायावती के अलावा, पार्टी नेता और उनके भाई आनंद, राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### कर्नाटक के डिप्टी CM बोले-हिंदू पैदा हुआ, हिंदू ही मरूंगा

कर्नाटक के डिप्टी CM डीके शिवकुमार ने तमिलनाडु स्थित ईशा योग सेंटर में महाशिवरात्रि समारोह में शामिल होने पर सफाई दी है। उन्होंने कहा- मैं हिंदू के रूप में जन्मा था और हिंदू के रूप में मरूंगा। शिवकुमार ने कहा, 'सद्गुरु कर्नाटक से हैं। वह कावेरी जल के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने आकर मुझे व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया था। वह महान काम कर रहे हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों के विधायक और नेता वहां थे इसलिए, मैं वहां गया। यह मेरी व्यक्तिगत आस्था है।'

उन्होंने कहा कि, 'मेरे निर्वाचन क्षेत्र में यीशु की 100 फीट ऊंची मूर्ति है। निर्माण स्थानीय लोगों ने करवाया। तब भाजपा ने मुझे 'येसुकुमार' कहा था।

# UAE में बेटी को मिली मौत की सजा पिता ने विदेश मंत्रालय से लगाई गुहार

**बांदा.** अबू धाबी की अल वथबा जेल में बंद उत्तर प्रदेश के बांदा जिले की रहने वाली शाहजादी खान को मौत की सजा सुना दी गई है। अपनी बेटी को बचाने के लिए शाहजादी के पिता शब्बीर खान ने दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है और विदेश मंत्रालय से गुहार लगाई है कि उनकी बेटी की कानूनी स्थिति और उसके हालात को लेकर तुरंत जानकारी जुटाई जाए।

### बेटी के लिए पिता की जंग

शब्बीर खान ने अपनी याचिका में बताया कि उनकी 33 साल की बेटी शाहजादी खान दिसंबर 2021 में वीजा लेकर दुबई के रास्ते अबू धाबी गई थी। अगस्त 2022 में उसे एक परिवार ने अपने नवजात बेटे की देखभाल के लिए नौकरी पर रखा। 7 दिसंबर 2022 को जब शिशु को नियमित टीकाकरण कराया गया, उसी रात उसकी अचानक मौत हो गई।



परिवार ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कर जांच को रोक दिया। लेकिन फरवरी 2023 में एक वीडियो सामने आया, जिसमें शाहजादी को बच्चे की हत्या स्वीकार करते दिखाया गया। उनका दावा है कि यह कबूलनामा जबरन यातना और शोषण के जरिए लिया गया। 10 फरवरी 2023 को उन्हें अबू धाबी पुलिस को सौंप दिया गया और 31 जुलाई 2023 को उन्हें मौत की सजा सुना दी गई।

भारतीय दूतावास ने कानूनी मदद दी, लेकिन आरोप है कि उन पर जबरन जुर्म कबूलने का दबाव डाला गया। सितंबर 2023 में उनकी अपील खारिज कर दी गई और 28 फरवरी 2024 को मौत की सजा बरकरार रखी गई।

# गर्लफ्रेंड अकेली हो जाती तो उसे भी मार दिया

- 6 की हत्या करने वाले अफान का कबूलनामा

केरल के वेंजारामूडु में परिवार के सदस्यों समेत 6 की हत्या करने वाले अफान ने ऐसी बातें पुलिस के सामने कबूली हैं जो कि बेहद खौफनाक हैं। अफान का कहना है कि उसने अपने गर्लफ्रेंड को इसलिए मौत के घाट उतार दिया क्योंकि वह उसके बिना अकेले ना रह पाती। पुलिस ने कहा कि इस केस में शनिवार को कई अहम जानकारियां सामने आई हैं। बता दें कि हत्या के बाद अफान ने खुद पुलिस थाने जाकर सरेंडर कर दिया था। बाद में उसने खुद भी जगर खाकर खुदकुशी की कोशिश की। शुक्रवार को उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया था।



पुलिस ने बताया कि आरोपी की हालत अब सामान्य है और उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया है। शुक्रवार को पुलिस ने बताया था कि कर्ज की वजह से आरोपी ने घर वालों पर यह कहर बरपाया। पुलिस ने बताया कि अफान ने 14 लोगों से 65 लाख रुपये का कर्ज ले रखा था। इसलिए उसने अपनी मां और भाई के साथ खुदकुशी करने का प्लान बनाया। 24 फरवरी को उसने अपनी 88 साल की दादी की हत्या कर दी। साथ ही 13 साल के भाई, प्रेमिका, मामा और मामी को भी मार डाला।

अफान ने पुलिस को बताया था कि परिवार के लोग कर्ज उतारने में आनाकानी कर रहे थे। अफान को दो या तीन दिन में अस्पताल से छुट्टी दी जा सकती है। उसकी मां की हालत में भी सुधार है। आरोपी का पिता विदेश में रहता था और इस घटना के बाद एक दिन पहले ही वापस आया है।उन्होंने कहा, हम पर कोई बहुत बड़ा कर्ज नहीं था।

### आम सूचना

मैं श्रीमती लक्ष्मी श्रीमंत ब्रादर सभी को सूचित कर रही हूं कि रहिवासी जगह, रुम, बैरक नं. 1426 के पीछे, मराठा सेक्शन 32, 500 चौ.फुट, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 41सीआय009285100) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती संजय कनोजया के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 30.1.2025 सी.नं. 1937/25 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती लक्ष्मी श्रीमंत ब्रादर**

### आम सूचना

मैं श्री हीरो सुरेशकुमार बोलाकाणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि पीछे का भाग, ग्राऊंड फ्लोर, 180 चौ.फुट, रुम नं. 1 का भाग, और अधिक जमीन, बैरक नं. 250, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 17एआय021453300) उक्त प्रॉपर्टी श्री दिनेश लक्ष्मणदास वाधवा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 20.4.2023 सी.नं. 758 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री हीरो सुरेशकुमार बोलाकाणी**

### आम सूचना

मैं श्री धीरज सूर्यभान पवार सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, 320 चौ.फुट, सामने बैरक नं. 681, महात्मा गांधी नगर, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 25बीओ004450100) उक्त प्रॉपर्टी श्री सूर्यभान अल्यास सुरेश सोपान पवार के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 27.2.2025 सी.नं. 443 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री धीरज सूर्यभान पवार**

### आम सूचना

मैं श्रीमती काजल अनिल लालवानी सभी को सूचित कर रही हूं कि शॉप नं. 1, ग्राऊंड फ्लोर, साईंराम काम्पलेक्स, ब्लाक नं. सी-855, गांधी रोड, उल्हासनगर- 5. (टैक्स नं. 53डीओ013507500) उक्त प्रॉपर्टी श्री बंटी रामचंद सचदेव के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 8.1.2025 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती काजल अनिल लालवानी**

### आम सूचना

हम श्री रशमिन कन्हैयालाल खाबारिया व श्रीमती रिटा रशमिन खाबारिया सभी को सूचित कर रहे हैं कि शॉप, ईएमटी कंपनी के पास, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 09एओ014928000) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती रेखा घनश्यामदास आयलानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 16.3.2020 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री रशमिन कन्हैयालाल खाबारिया व श्रीमती रिटा रशमिन खाबारिया**

## संक्षेप...

### महिला ने निगल लिए कोकीन से भरे 100 कैप्सूल

■ मुंबई पहुंची तो एयरपोर्ट पर पकड़ी गई

**मुंबई.** नारकोटिक्स ड्रग्स (Drug) की तस्करी को लेकर सख्त कार्रवाई कर रही डायरेक्टरेट ऑफ़ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (DRI) ने एक ब्राजीलियाई महिला को गिरफ्तार किया है. पुलिस का कहना है कि महिला ने कोकीन वाले 100 कैप्सूल निगल लिए थे. वह भारत में ड्रग्स की स्मगलिंग करने की कोशिश कर रही थी. इन कैप्सूल में कुल 1,096 ग्राम कोकीन थी, जिसकी बाजार में कीमत 10.96 करोड़ रुपये बताई जा रही है. एजेंसी के अनुसार, DRI अधिकारियों ने बताया कि उन्हें खुफिया जानकारी मिली थी कि साओ पाउलो (ब्राज़ील) से मुंबई आने वाली एक महिला यात्री ड्रग्स तस्करी में शामिल हो सकती है. इस सूचना के आधार पर मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर अधिकारियों ने महिला को हिरासत में लिया. हालांकि, शुरुआती तलाशी में उसके पास से कुछ भी संदिग्ध बरामद नहीं हुआ, लेकिन जब अधिकारियों ने उससे सख्ती से पूछताछ की, तो उसने कोकीन से भरे कैप्सूल निगलने की बात स्वीकार कर ली. महिला की जान को खतरा देखते हुए उसे तुरंत एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया. डॉक्टरों की निगरानी में महिला के शरीर से सावधानी के साथ 100 कैप्सूल बाहर निकाल गए, जिनमें कुल 1.096 किलोग्राम कोकीन मिली है. यह एक बेहद खतरनाक तरीका है, क्योंकि कैप्सूल के फटने से व्यक्ति की जान जा सकती है.

# CM फडणवीस के लिए चुनौतीपूर्ण होगा बजट सत्र

■ सरकार को घेरने के लिए विपक्ष तैयार



**मुंबई.** प्रचंड बहुमत के साथ मुख्यमंत्री बने देवेन्द्र फडणवीस के लिए महाराष्ट्र विधान मंडल का बजट सत्र चुनौतीपूर्ण होगा। हालांकि पूर्ण बहुमत के कारण देवेंद्र फडणवीस मजबूत स्थिति में हैं, लेकिन महायुति गठबंधन के भीतर दरार और सूबे की बदलती सियासी गतिविधियों के कारण उन्हें आने वाले दिनों में कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

महाराष्ट्र में आगामी 3 से 26 मार्च के बीच विधानमंडल का बजट सत्र के शुरू हो रहा है। विपक्षी दल महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने भाजपा-शिवसेना-एनसीपी सरकार को घेरने की रणनीति तैयार की है। वहीं, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के साथ सरकार चला रहे फडणवीस के सामने उन्हें साधे रखने की भी चुनौती है। हाल के दिनों में फडणवीस और शिंदे के बीच मतभेद खुलकर सामने आएं हैं जबकि अजित पवार कई मुद्दों पर मतभेद के बावजूद सावधानी से आगे बढ़ रहे हैं। फडणवीस की अध्यक्षता में हुई कई बैठकों में शिंदे और पवार ने भाग नहीं लिया।

सबसे ताजा उदाहरण 2027 के नासिक सिंहस्थ कुंभ मेले की तैयारियों का है जिसमें पवार और शिंदे गैरहाजिर रहे। इसके अलावा, फडणवीस ने मंत्रियों द्वारा निजी सचिवों और विशेष कार्य अधिकारी (ओएसडी) के रूप में नियुक्ति को लेकर टकराव भी है। इस वर्ष के अंत में 29 महानगरपालिकाओं के चुनाव होने हैं लेकिन, तीनों सहयोगी दलों के बीच टकराव दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। परभणी में एक दलित युवक की मजिस्ट्रेट हिरासत में मौत और पुणे के स्वारगेट एसटी बस डिपो में खड़ी शिव शाही बस में दुष्कर्म के मुद्दे पर एमवीए फडणवीस को घेरेगी।

### विपक्ष के निशाने पर होंगे धनंजय मुंडे

विधानमंडल बजट सत्र में मंत्री धनंजय मुंडे और मंत्री माणिकराव कोकाटे विपक्ष के निशाने पर होंगे। मुंडे के करीबी वाल्मिक कराड के खिलाफ बीड में मासाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख के अपहरण, और हत्या से जुड़े जबरन वसूली के मामले में चार्ज शीट दाखिल हुई है। वहीं, कोकाटे को धोखाधड़ी के एक मामले में दो साल की जेल की सजा सुनाई गई है, हालांकि उन्हें न्यायालय से राहत मिल गई है।

### उद्धव की तारीफ से परेशान हैं शिंदे

उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) की ओर से देवेन्द्र फडणवीस की लगातार तारीफ की जा रही है जिसने शिंदे को परेशान कर दिया है। इसके अलावा, फडणवीस ने शिंदे के मुख्यमंत्रित्व काल में स्वास्थ्य विभाग के कई फैसलों को रद्द कर दिया है। फडणवीस ने पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत के कार्यकाल में दिए गए 3200 करोड़ रुपए के काम को रोक दिया है। इससे भी शिंदे निराश हैं।

## सड़क बनाने से पहले ड्रेनेज व पानी की लाइन डाली जाए

**भिवंडी.** घूंघट नगर में बगैर किसी प्लान व गलत तरीके से कंक्रीट रोड बनाने की योजना का स्थानीय निवासियों ने कड़ा विरोध किया है.नागरिकों की मांग है कि रोड बनाने से पहले आरसीसी सड़क के नीचे या साइड में पहले ड्रेनेज लाइन व पीने के पानी की लाइन डाली जाए. सड़क निर्माण के बाद फिर से ड्रेनेज और पानी की लाइन के लिए अनावश्यक सड़क की तोड़फोड़ न करनी पड़े अन्यथा पैसा बर्बाद होगा.

घूंघट नगर के नागरिकों ने भिवंडी निजामपुर शहर मनपा आयुक्त व प्रशासक अनमोल साग़र को दिए हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन में बताया है कि पुराना मुंबई आगरा रोड से घूंघट नगर के लिए 2 करोड रुपए के लागत की सीसी सड़क पास हुई है.रोड निर्माण करने वाले



ठेकेदार ने 15 दिन पहले से खुदाई करके पूरा रोड अस्तव्यस्त कर दिया है. लोगों का जीवन नरक सा हो गया है. अनियोजित ख़ुदाई से कई नागरिकों के घरों में गटर का गंदा पानी भर रहा है. पीने के पानी की लाइन टूटने से कई परिवार वालों को पीने के लिए बाहर से पानी खरीद कर लाना पड़ रहा है. ज्ञापन में नागरिकों ने हैरानी जताया है कि ठकेदार बिना ड्रेनेज लाइन पाइप लाइन डाले बिना किसी प्लान के सड़क बनाने जा रहा है.

नागरिकों ने चिंता व्यक्त की है कि बिना गटर, ड्रेनेज लाइन व पाइप लाइन डाले जाने से नागरिकों को सड़क निर्माण के बाद भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा.

यदि ऐसा हुआ तो शासन प्रशासन व नागरिकों के पैसे की बबादी होगी स्थानीय नागरिकों ने मनपा प्रशासक अनमोल सागर को दिए गए ज्ञापन में चेतावनी दिया है कि यदि नागरिक सुविधाओं को ध्यान में रखकर सड़क नहीं बनाई गई तो घुंघटनगर के हजारों नागरिक एकजुट होकर मनपा प्रशासन मुख्यालय के सामने प्रदर्शन, धरना एवं जनआंदोलन करेंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी मनपा प्रशासन की होगी.

### पारिवारिक झगड़े में चला चाकू, 3 घायल

**भिवंडी.** घुंघटनगर में माथाड़ी मजदूर इकबाल अहमद गरीब उल्ला शाह द्वारा अपनी बहन फातमा बानो के घर दावत में नहीं जाने से हुई नाराजगी से हुई कहासुनी देखते हिंसक झगड़े में तब्दील हो गई. फातमा बानो, मोहम्मद हीरा मंसूरी, गुड्डु हीरा मंसूरी और इरशाद मोहम्मद हीरा मंसूरी ने मिलकर इकबाल शाह के भाई रियाज और उसकी पत्नी नजीमा बानो पर चाकू से हमला कर दिया.हमले में दोनों बुरी तरह घायल हो गए. फातमा बानो मोहम्मद हीरा मंसूरी ने पुलिस में शिकायत की है कि झगड़े के दौरान रियाज और इकबाल शाह ने उनकी मां के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया. गाली से नाराज रियाज और इकबाल ने मिलकर फातमा बानो पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई.घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए.शहर पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मारपीट का मामला दर्जकर आरोपियों की तलाश में जुटी है.

## अनिल गलगली 'द पिलर ऑफ हिंदुस्तानी सोसायटी' पुरस्कार से सम्मानित

**मुंबई.** ट्रांस एशियन चैंबर के 26वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रख्यात आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली को प्रतिष्ठित 'द पिलर ऑफ हिंदुस्तानी सोसायटी' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार पूर्व डीजीपी डॉ. परमिंदर सिंह पसरिचा के हाथों रॉयल यॉट क्लब में प्रदान किया गया।

इस विशेष समारोह में ट्रांस एशियन चैंबर के अध्यक्ष प्रविण लुंकड, कार्यकारी अध्यक्ष उदय नाईक, उपाध्यक्ष डॉ. संजय भिडे, डॉ. अरुण सावंत, प्रकाश जोशी, अभिजीत देसाई सहित कई अंतरराष्ट्रीय गणमान्य व्यक्तित्व उपस्थित रहे। इनमें ग्रैहम लंडन, अर्जेंटीना के कॉन्सुल जनरल डानियल क्वेर कोन्फालोनिएरी,



बेलारूस के कॉन्सुल जनरल अलेक्ज़ांद्र मात्सुकोवु, ईरान दूतावास के कॉन्सुल डॉ. रेझा सयेदन, तुर्की दूतावास की वाइस कॉन्सुल राबिया कारताल, बेलारूस दूतावास के कॉन्सुल कान्स्तांतिन पिनचुक, इथियोपियाचे राजदूत फेस्सेहा शावेल गेब्रे और घाना के दिल्ली स्थित दूतावास के ट्रेड कॉन्सुल कॉनराड नाना कोजो असिदेऊ शामिल थे।

पुरस्कार स्वीकार करते हुए अनिल गलगली ने समाजहित में सतत कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया और सूचना के अधिकार के माध्यम से पारदर्शिता व जवाबदेही बढ़ाने में अपने योगदान को महत्वपूर्ण बताया।

## भिवंडी में शिवरात्रि महोत्सव का आयोजन



**भिवंडी.** कथावाचक पूज्य श्रीकांतजी महाराज के सानिध्य में भिवंडीकर सांस्कृतिक व क्रीड़ा मंडल के अध्यक्ष श्री विनोद येनागंदला और संस्था के पदाधिकारी एवम कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से कामतघर स्थित स्व.मोतीराम कटेकर मैदान में शिवरात्रि महोत्सव कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास से संपन्न किया गया

धार्मिक कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण सार्वजनिक रुद्राभिषेक के साथ शिवमहापुराण की कथा और १२ ज्योतिर्लिंग की विस्तृत जानकारी दी गई. सुंदर शिव पार्वती की झाकी,भजन, शिव तांडव नृत्य को देखकर उपस्थित भक्त और श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए.कलाकारों की सुंदर प्रस्तुति पर हजारों की संख्या में उपस्थित महिला पुरुष और बच्चो ने जमकर तालियां बजाईं.हर हर महादेव के नारों से पूरा वातावरण गुंजयमान हो गया था. कार्यक्रम के अंत में सभी को ठंडाई, साबूदाना की खिचड़ी के साथ महाप्रसाद का भी वितरण किया गया. कार्यक्रम में प्रमुख आतिथ्य के रूप में भिवंडी लोकसभा खासदार सुरेश म्हात्रे, भिवंडी पश्चिम भाजपा विधायक महेश चौगुले, भाजपा भिवंडी शहर जिल्हाध्यक्ष एड हर्षल पाटिल, पूर्व उपमहापौर मनोज काटेकर, पूर्व नगरसेवक निलेश चौधरी, शिवसेना नेता संतोष शेट्टी, उत्तर भारतीय समाज संस्था अध्यक्ष कृष्ण गोपाल सिंह, पी डी यादव सहित अनेक नेता और समाजसेवक उपस्थित थे.संस्था के पदाधिकारियों ने सभी मेहमानों का स्वागत किया.

### 14 साल तक की लड़कियों को फ्री में लगेगी कैंसर की वैक्सीन

**मुंबई.** महाराष्ट्र की फडणवीस सरकार ने बेटियों के लिए एक अहम फैसला लिया है। फडणवीस सरकार ने 0-14 साल की लड़कियों को मुफ्त कैंसर वैक्सीन देने का ऐलान किया है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर ने कहा कि बदलती जीवनशैली के चलते कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और अब यह बीमारी हर उम्र के लोगों को अपनी चपेट में ले रही है। आबिटकर ने बताया कि राज्य सरकार ने इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए मुफ्त कैंसर वैक्सीनेशन प्रोग्राम लागू करने का फैसला लिया है। रिपोर्ट के अनुसार महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर ने बताया कि उन्होंने डिप्टी सीएम और वित्त मंत्री अजित पवार से 0-14 साल की बेटियों के लिए मुफ्त कैंसर वैक्सीन उपलब्ध कराने की मांग की थी। अब अजित पवार ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, और राज्य सरकार जल्द ही इस योजना को लागू करेगी।

## कांग्रेस ने अमीन पटेल को बनाया महाराष्ट्र विधानसभा में उपनेता

■ अमित देशमुख को दी सचेतक की जिम्मेदारी

**मुंबई.** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के करीब 3 महीने बाद कांग्रेस ने विधानसभा में उपनेता की तय कर लिया है. पार्टी ने 4 बार के विधायक अमीन पटेल को विधानसभा में पार्टी का उपनेता नियुक्त किया है. वहीं अमित देशमुख को मुख्य सचेतक की जिम्मेदारी दी है. इसके अलावा विश्वनाथ कदम को विधानसभा समूह का सचिव तथा शिरीष नाइक और संजय मेश्राम सचेतक होंगे.

महाराष्ट्र विधानसभा के बजट सत्र से पहले कांग्रेस ने अपने बड़े नेताओं को विभिन्न जिम्मेदारी दी है. पार्टी विधानसभा में अपने उपनेता और सचेतकों की नियुक्ति की है. गौरतलब है कि कांग्रेस ने पहले ही विजय वडेट्टीवार को विधायक दल का नेता नियुक्त कर दिया था.



कांग्रेस ने मुंबई ईकाई के वरिष्ठ नेता औश्र मुंबादेवी विधानसभा सीट से 4 बार विधायक रहे चुके अमीन पटेल को विधानसभा में उपनेता नियुक्त किया है. महाराष्ट्र विधानसभा में कांग्रेस की अब तक की सबसे खराब स्थिति है. विधानसभा में कांग्रेस के 16 सदस्य हैं. इससे पहले पार्टी ने राज्य विधान परिषद में सतेज पाटिल को पार्टी नेता नियुक्त किया है और अभिजीत वंजारी को मुख्य सचेतक और राजेश राठौड़ को सचेतक बनाया था. विधान परिषद में कांग्रेस के 8 सदस्य हैं.

### जानें कौन हैं अमीन पटेल?

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अमीन पटेल 4 बार के विधायक हैं. पटेल ने सबसे पहली बार मुंबादेवी से 2009 में जीत हासिल की. इस जीत को बरकरार रखते हुए 2014 में भी फतह हासिल की. इसके बाद साल 2019 में जीत की हैट्रिक लगाई और फिर हाल ही में 2024 में हुए विधानसभा चुनाव में भी जीत का चौका लगाने में सफल रहे.

## मुंबई यूनिवर्सिटी छात्रों को गलत स्पेलिंग वाले सर्टिफिकेट

■ कई कॉलेजों ने ये सर्टिफिकेट वापस कर दिए

**मुंबई.** मुंबई यूनिवर्सिटी में अक्सर छात्रों के नामों की गलत स्पेलिंग छपने की खबरें आती रहती हैं। लेकिन इस बार तो यूनिवर्सिटी ने खुद अपने नाम की स्पेलिंग ही गलत छाप दी है। 2023-24 बैच के ग्रेजुएशन सर्टिफिकेट पर 'University of Mumabai' लिखा हुआ है। ये सर्टिफिकेट कई कॉलेजों को भेज दिए गए थे। अब कई कॉलेजों ने ये सर्टिफिकेट वापस कर दिए हैं, और बाकी कॉलेज भी यही करने वाले हैं।

एक कॉलेज प्रिंसिपल ने कहा, 'अपने ही नाम की स्पेलिंग गलत करना MU के लिए शर्मनाक बात है।' एक दूसरे प्रिंसिपल ने कहा, 'लोगो के ऊपर गलत नाम की वजह से सर्टिफिकेट नकली लग रहे हैं। सोचिए, अगर छात्र नौकरी या आगे की पढ़ाई के लिए इन सर्टिफिकेट का इस्तेमाल करेंगे तो क्या होगा?'

मुंबई यूनिवर्सिटी का दीक्षांत समारोह 7 जनवरी को हुआ था। 2023-24 में 1.64 लाख छात्रों ने ग्रेजुएशन किया है। लेकिन यह साफ नहीं है कि कितने छात्रों को गलत स्पेलिंग वाले सर्टिफिकेट मिले हैं। एक और प्रिंसिपल ने कहा, 'यूनिवर्सिटी से ऐसी गलती की उम्मीद नहीं थी। इतनी बड़ी गलती होने के बावजूद दीक्षांत समारोह हो गया और डिग्रियां भी दे दी गईं।' प्रिंसिपल ने आगे कहा, 'नए सर्टिफिकेट छपवाने से छात्रों को उन्हें मिलने में देरी होगी। कई छात्रों को आगे की पढ़ाई या नौकरी मिल चुकी होगी, और शायद उन्होंने इस गलती पर ध्यान भी नहीं दिया होगा।' प्रिंसिपल ने बताया कि अब सभी गलत सर्टिफिकेट वापस मंगवाने पड़ेंगे।

## पैपराजी से छिपकर थेरेपी सेशन जाती थीं दीपिका

■ एक्ट्रेस बोलीं- जीने की इच्छा खत्म हो चुकी थी



दीपिका पादुकोण अक्सर हेल्थ से जुड़ी समस्याओं के बारे में खुलकर बात करती हैं। हाल ही में दीपिका ने बताया कि उन्होंने अपनी थेरेपी सेशन को हमेशा पर्सनल रखा था, ताकि मीडिया का ध्यान इस पर बिल्कुल न जाए। एक मैगजीन से बातचीत में दीपिका पादुकोण ने कहा, 'मैं अपने करियर की ऊंचाइयों पर थी। सब कुछ अच्छा चल रहा था। लेकिन साल 2014 में एक सुबह काम करते हुए मैं अचानक बेहोश हो गई और कुछ दिनों बाद मुझे एहसास हुआ कि मुझे डिप्रेशन है। मैंने इस बारे में किसी को बताया भी नहीं। मैं मुंबई में अकेली रहती थी, लेकिन किसी से शेयर नहीं करती थी। जब मम्मी मुंबई आईं और कुछ दिनों बाद चली गईं, तो मुझे रोने का मन करता था। मुझे पूरा दिन बुरा लगता था, जीने की इच्छा खत्म हो गई थी।'

दीपिका की मानें तो जब उन्हें पता चला कि वह डिप्रेशन और एंग्जायटी से पीड़ित हैं, तो उन्होंने थेरेपिस्ट से सलाह ली। दीपिका ने कहा, ₹लेकिन मैं नहीं चाहती थी कि इस बारे में किसी को पता चले कि मैं थेरेपिस्ट के पास जा रही हूं। मैं बहुत व्यक्तिगत थी और किसी को भी नहीं बताना चाहती थी कि मैं कैसा महसूस कर रही हूं। लेकिन जब मैं ठीक होने लगी, तो मैंने महसूस किया कि लोगों के बीच मानसिक स्वास्थ्य को लेकर एक शर्मिंदगी है। इसके बाद मैंने इस विषय पर आवाज उठाई। फिर मुझे लगा कि आखिर क्यों मैंने अब तक इसे दबाए रखा था।'

## बिना उच्च सुरक्षा वाली पंजीकरण प्लेट के दौड़ रहे हैं 10 लाख वाहन

**मुंबई.** महाराष्ट्र में पिछले पांच साल में लगभग 10 लाख नए वाहन अनिवार्य उच्च सुरक्षा पंजीकरण प्लेट (एचएसआरपी) के बिना सड़क पर आए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है।

सरकार ने वाहन चोरी पर अंकुश लगाने और पहचान में एकरूपता लाने के लिए एक अप्रैल, 2019 से पहले पंजीकृत वाहनों के लिए एचएसआरपी अनिवार्य कर दिया है। इससे वाहनों को ग्राहकों को सौंपने से पहले एचएसआरपी को लगाने की जिम्मेदारी विनिर्माताओं पर आ गई है। इसने एचएसआरपी लगाने की समयसीमा 30 अप्रैल तक बढ़ा दी। राज्य सरकार ने एक अप्रैल, 2019 से पहले पंजीकृत अनुमानित 2.10 करोड़ पुराने वाहनों के लिए भी एचएसआरपी को अनिवार्य कर दिया है। एचएसआरपी के 'फिटमेंट' पर हाल ही में की गई आंतरिक समीक्षा से संकेत मिलता है कि 1.15 करोड़ पंजीकृत वाहनों में से 1.05 करोड़ में एचएसआरपी लगी है, जबकि 9.98 लाख वाहन इसके बिना चल रहे हैं। इसके चलते महाराष्ट्र परिवहन आयुक्त कार्यालय ने पिछले महीने क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों (आरटीओ) को अप्रैल, 2019 के बाद पंजीकृत वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू करने का निर्देश दिया है। हालांकि, इसके बावजूद वाहन बिना एचएसआरपी के चल रहे हैं।


STAFF REQUIRED
SINDHI MALE
Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT
&
For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED
CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475



ESTD : 1985
NAV JEEVAN CO-OP. BANK LTD.
Head Office:
Bhawani Saw Mills Compound, Ulhasnagar-3.
☎: 0251-2572101:2568541/Fax 2567523
Visit us at: www.navjeevanbank.com
SERVICES AVAILABLE
Features and Services of Bank
■ Different types of Deposits Schemes with Attractrive Deposits Rates.
■ All types of Loans & Advances facilities with Competitive Rate.
■ 24x7 NEFT/RTGS Services.
■ Safe and Secure Mobile Banking Service with NEFT and RTGS Services.
■ Franking Service in Ulhasnagar and Thane.
■ Insurance Service through corporate Partners
Upcoming Service
Blocking & Unblocking ATM cards through SMS.


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099